चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 287, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 17 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# प्रदेश और देश में कराएंगे जातिगत सर्वेक्षण: राहुल

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में पांच वर्षों में प्रदेश अधिक मजबूत हुआ है: राहुल गांधी

**बीकानेर**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सादुलशहर में विशाल जनसभा में कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही प्रदेश और देश में जातिगत सर्वेक्षण कराया जाएगा, ताकि उन्हें उनके अनुसार हक मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में पांच वर्षों में प्रदेश अधिक मजबूत हुआ है। यहां 25 लाख रुपये का चिकित्सा बीमा किया गया है, जिससे अब लोगों का एक रुपये भी इलाज में नहीं लग रहा है। आज यहां 500 रुपये में गैस सिलेण्डर, मात्र 8 रुपये में पौष्टिक भोजन, प्रतिमाह निःशुल्क राशन किट, 100 यूनिट निःशुल्क बिजली हर जरूरतमंद को मिल रही है। गांधी ने कहा कि प्रदेश में बीजेपी की सरकार आने पर यह सारी योजनाएं बंद हो जाएगी। इससे फिर महंगाई और बेरोजगारी बढ़ेगी। इसलिए कांग्रेस के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में महंगाई राहत कैम्पों के जरिए 10 गारंटियां देकर हर घर को लाभान्वित किया है। अब 7 गारंटियां दी है, जिनसे सामाजिक और आर्थिक सम्बल मिलेगा। इनमें प्रत्येक परिवार की महिला मुखिया को हर वर्ष 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। प्रदेश के 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों को 15 लाख रुपये तक आपदा सहायता राशि दी जाएगी। विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दी जाएगी। सरकारी महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को निःशुल्क लैपटॉप/टेबलेट देंगे। राजकीय कार्मिकों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) के संबंध में कानून बनाएंगे। गोधन योजना में पशुपालकों से गोबर 2 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा जाएगा।




### राहुल गांधी आलू से सोना बनाते हैं: जोशी

**जयपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज राहुल गांधी के राजस्थान के चुनावी दौरे और तारानगर में दिए बयान पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव आते ही प्रदेश में राहुल गांधी के दौरे शुरू हो जाते हैं। इस बार वे चुनाव से 10 दिन पहले सक्रिय हुए हैं। उनकी स्मृति से पिछले चुनावों के वादों की यादें धूमिल हो चुकी है, इसलिए केंद्र सरकार को मनगढ़ंत मुद्दों पर कोसने के अलावा उनके पास अपनी सरकार के जनहित और विकास के कामों का कोई तथ्य नहीं था। पिछले वादों के अनुसार न तो किसानों के कर्ज माफ हुए, न गरीबों की गरीबी समाप्त हुई। वे गहलोत सरकार से पांच साल का हिसाब मांगने के स्थान पर केंद्र सरकार पर तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं, यह उनके हार के भय को स्पष्ट दिखा रहा है।

### 'राजस्थान में भाजपा जीती तो कांग्रेस के माफियाराज पर चलेगा बुलडोजर'

**कोटा/बूंदी/अजमेर**

**छत्तीसगढ़** और मध्य प्रदेश में चुनावी समर के बाद गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान में पांच रैली कर आठ विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया।योगी को सुनने के लिए स्थानीय मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। इन जनसभाओं में योगी आदित्यनाथ कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि मुगल काल में हिंदू मंदिरों को क्षतिग्रस्त कर गुलामी के ढांचे खड़े कर दिए गए थे। अयोध्या में राम मंदिर तोड़कर विवादित ढांचा बना दिया गया था। हम आंदोलन करते थे तो कांग्रेस सरकार अत्याचार करती थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार तुष्टिकरण की हदों को पार कर चुकी है। यह सरकार मुआवजा देने में भी भेदभाव करती है। कन्हैया लाल के परिवार को 5 लाख मुआवजा देती है और मुस्लिम मोटरसाइकिल से आपस में टकराकर जयपुर में मरते हैं तो उन्हें 20-20 लाख रुपये दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन हमने वसूली करने वालों की गर्मी शांत कर दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिपाल्दा से प्रेम गोचर व सांगोद से हीरालाल नागर के पक्ष में जनसभा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान के वीर-वीरांगनाओं, बलिदानियों की कहानी से देश प्रेरणा लेता है।



### भाजपा लोगों के सपने पूरे करती है- वसुन्धरा राजे



**प्रतापगढ़/आसपुर/गढ़ी/बांसवाडा/जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों सरकारों के काम काज को जनता ने देखा है, परखा है। दिल पर हाथ रख कर तुलना करोगे तो पाओगे भाजपा की सरकार लोगों के सपने पूरे करती है, जबकि कांग्रेस सरकार सिर्फ. सपने दिखाती है। राजे प्रतापगढ़ से भाजपा प्रत्याशी हेमंत मीणा, आसपुर प्रत्याशी गोपी चंद मीणा, गढ़ी प्रत्याशी कैलाश मीणा और बांसवाड़ा प्रत्याशी धन सिंह रावत के समर्थन में आयोजित सभाओं में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जाति को जाति से, भाई को भाई से लड़ाने का काम करती है। समाज को बांटने का काम करती है, जबकि भाजपा लोगो को लोगों से जोड़ने का काम करती है। राजे ने कहा कि भाजपा जो भी वादा करती है, वह पूरा करती है, लेकिन कांग्रेस वादा तो करती है, पर पूरा नहीं करती। वादों के नाम पर लोगों को ठगती है। न बिजली, न पानी, न सड़क, न शिक्षा, न कानून और व्यवस्था। कांग्रेस की यही कहानी है।

महिलाओं के साथ सर्वाधिक अत्याचार राजस्थान में है। भ्रष्टाचार में कीर्तिमान कायम कर रखा है। आज स्कूलों में अध्यापक नहीं हैं, कॉलेज में व्याख्याता नहीं हैं, अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैं, पद खाली है पर नौकरी नहीं है। पेपर लीक में रिकॉर्ड हो गया है।

### दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए स्मॉग टावर्स प्रभावी नहीं : डीपीसीसी

**नई दिल्ली**

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी (डीपीसीसी) ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में दाखिल एक्शन टेकन रिपोर्ट में कहा है कि दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए स्मॉग टावर्स प्रभावी नहीं है और वो प्रदूषण का व्यावहारिक समाधान नहीं है। डीपीसीसी ने आईआईटी बांबे और दिल्ली की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि स्मॉग टावर्स अपने सौ मीटर की परिधि में 17 फीसदी ही प्रदूषण कम करता है। ऐसे में पूरी दिल्ली को कवर करने के लिए करीब 40 हजार स्मॉग टावर्स लगाने पड़ेंगे। दरअसल 8 नवंबर को एनजीटी ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बढ़ते वायु प्रदूषण पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इन राज्यों से वायु प्रदूषण को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा था। एनजीटी ने राज्यों के मुख्य सचिवों, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के चेयरमैन, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। एनजीटी ने पराली जलने पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी पूरे पंजाब में पराली जलाई जा रही है। एनजीटी ने कहा था कि आपका पूरा तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है, इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने इतना सख्त फैसला दिया है।

### भारत-श्रीलंका सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति' पुणे में शुरू

**नई दिल्ली**

भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति' का नौवां संस्करण गुरुवार को औंध (पुणे) में शुरू हुआ। यह सैन्य अभ्यास 29 नवंबर तक चलेगा। भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट के 120 सैनिक और श्रीलंकाई पक्ष का प्रतिनिधित्व 53 इन्फैंट्री डिवीजन के सैनिक कर रहे हैं। भारतीय वायु सेना के 15 और श्रीलंकाई वायु सेना के पांच वायु योद्धा भी अभ्यास में भाग ले रहे हैं। अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय श्क्क के तहत उप पारंपरिक संचालन का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में नैतिक और जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली**

**देश के** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में नैतिक और जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता है। यह सर्वोपरि है कि पत्रकार और मीडिया संस्थानों को सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए। वे गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह 2023 में 'मीडिया इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर अपना व्याख्यान दे रहे थे। राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि न्यूज रूम में समाचार और समाचार और सामग्री संपादक की भूमिका को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा कभी भी पूरी तरह से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। कई वर्षों के संपादन के अनुभव, निरीक्षण की बारीकियों को समझने वाले संपादक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से हमेशा आगे रहेंगे। मीडिया न केवल भारत को बदलने की कहानी को उजागर करने में बल्कि विभिन्न क्षेत्रों और करोड़ों आवाजों की आशा आकांक्षाओं को भी उजागर करने में तेजी से रचनात्मक भूमिका निभाएगा।



## छत्तीसगढ़ की 70 और मप्र की सभी 230 सीटों पर कल मतदान, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश की सभी 230 सीटों और छत्तीसगढ़ की दूसरे चरण की 70 सीटों पर मतदान से जुड़ी तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। दोनों राज्यों में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच में हैं। कांग्रेस छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ है और मध्य प्रदेश में विपक्ष में है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए प्रातः 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। प्रदेश में संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 17,032 है। इन सभी में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले की 3 विधानसभा बैहर, लांजी और परसवाड़ा तथा मंडला के 55 और डिंडोरी के 40 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से अपराह्न 3 बजे तक वोटिंग होगी। मतदान प्रक्रिया में कुल 5.59 लाख सामान्य मतदाता भाग लेंगे। इनमें लगभग 2 करोड़ 87 लाख पुरुष मतदाता, 2 करोड़ 71 लाख महिला मतदाता और 1292 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। प्रदेश के कुल 230 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2533 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इनमें 2280 पुरुष, 252 महिला और 1 थर्ड जेंडर है। छत्तीसगढ़ की 70 विधानसभाओं में मतदान सुबह 8 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इसमें कुल 1.63 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें महिला और पुरुषों का अनुपात लगभग बराबर है।



## सीएम ने दिए सौर ऊर्जा स्थापित करने की योजना की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश



**शिमला**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ गत दिवस आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की और प्रदेश में सौर ऊर्जा योजनाओं की रूपरेखा जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने 100 किलोवाट से लेकर एक मेगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना पर युवाओं को 40 प्रतिशत सब्सिडी देने की घोषणा की है तथा विभाग इस योजना को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाने के दृष्टिगत इसकी रूपरेखा शीघ्र तैयार करे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस योजना से जहां हिमाचली युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं हिमाचल को हरित राज्य बनाने के वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों को भी इससे बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि यहां के पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। राज्य सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से स्थापित इकाइयों से 25 वर्ष के लिए बिजली की खरीद करेगी, जिससे युवाओं को आय के स्थाई स्त्रोत प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा इकाइयां स्थापित करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत राज्य सरकार 40 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति राज्य सरकार का यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देगा।

## भारतीय अर्थव्यवस्था 2024-26 के दौरान 6 से 7.1 फीसदी की दर से बढ़ेगी: एसएंडपी

**नई दिल्ली**

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 से लेकर 2025-26 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना 6 से 7.1 फीसदी की वृद्धि होगी। एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को जारी अपने अनुमान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-2026 में देश की जीडीपी वृद्धि दर 6 से 7.1 फीसदी सालाना रह सकती है। एजेंसी ने कहा कि इस दौरान मध्यम अवधि में भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं मजबूत बनी रहेंगी।

एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि स्वस्थ कॉरपोरेट बही-खातों और अन्य संरचनात्मक सुधार होने से बैंकों का फंसा कर्ज मार्च, 2025 तक कुल अग्रिम के 3 से 3.5 फीसदी तक घट जाएगा। हालांकि, एसएंडपी ने भारत में ब्याज दरों में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना नहीं होने से बैंकिंग उद्योग के लिए जोखिम भी सीमित होने का अनुमान जताया है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के साथ-साथ वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.5 फीसदी आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। वहीं, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है।

## बोकारो के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को हर हाल में संरक्षित करेगी सरकार

**रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में जनजातीय परामर्शदात्री परिषद (टीएसी) की 26वीं बैठक हुई। इसमें टीएसी ने बोकारो जिला स्थित आदिवासी संतालियों के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगू पहाड़ जल विद्युत पंप भंडारण परियोजना को किसी भी हाल में स्थापित नहीं होने दिए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया।

बैठक में प्रो. स्टीफन मरांडी, सदस्य झारखंड विधानसभा सह टीएसी सदस्य की अध्यक्षता में गठित उप समिति के कार्यकाल को अगले एक वर्ष के लिए अवधि विस्तार दिए जाने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति दी गई। 26 जनवरी, 1950 के समय राज्य के भीतर जो जिले और थाने स्थापित थे।

# बीमारू राज्य नहीं, आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है यूपी: योगी

### नई दिल्ली में इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2023 में पहुंचे सीएम योगी, मुख्यमंत्री ने ट्रेड फेयर में यूपी पॉवेलियन का किया उद्घाटन, बढ़ाया एग्जीबिटर्स का उत्साह

**नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर- 2023 में पहुंचकर प्रदेश के कारीगरों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही शिल्पकारों और एग्जिबिटर्स का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां उत्तर प्रदेश मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश पवेलियन के ओडीओपी मार्ट में हस्त निर्मित उत्पादों के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों से संवाद किया। उत्तर प्रदेश पवेलियन में प्रदेश के सभी जनपदों के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।



**ट्रेड शो में प्रदर्शित की जा रही यूपी की विकास गाथा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के जरिए पिछले पांच-छह वर्षों में बहुत अच्छा कार्य किया है। ऐसी उम्मीद है कि लगातार दूसरे वर्ष भी यूपी के खाते में गोल्डेन ट्रॉफी आ सकती है। सीएम योगी ने बताया कि प्रधानमंत्री के विजन वोकल फॉर लोकल में यूपी का ओडीओपी पूरे प्रदेश को एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित कर रहा है। इससे लाखों नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार के द्वार खुले हैं। सीएम योगी ने बताया कि ट्रेड फेयर में मौजूद यूपी पॉवेलियन में ओडीओपी के साथ-साथ नये भारत के नये उत्तर प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए क्या हो रहा है, उसे भी शोकेस करने का प्रयास हुआ है। साथ ही विभिन्न डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा यूपी का कैसे कायाकल्प किया गया है, इसे भी ट्रेड फेयर के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास हुआ है। यूपी में पिछले 6 वर्ष में बिमारू राज्य से उबरने में सफलता प्राप्त की है। आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में इसकी पहचान हो रही है। यूपी में औद्योगिकीकरण के लिए एक नया माहौल बना है।

**यूपी का एक्सपोर्ट हुआ तीन गुना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कारीगरी के लिए बहुत मशहूर है। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई का बड़ा क्लस्टर क्रियाशील है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। तब वहां 70 हजार से भी अधिक देसी-विदेशी खरीददार आए थे। ओडीओपी के माध्यम से प्रत्येक जिले की पहचान वाले उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय मार्केट में निर्यात किए जाने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश का एक्सपोर्ट 86 करोड़ से बढ़कर 1.74 लाख करोड़ हो गया है, जोकि तीन गुना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं डिजिटलाइजेशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रोडक्ट देश-विदेश में पॉपुलर हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सहारा कार्यालय का चक्कर लगा रहे उपभोक्ता, परेशान

**मांडा।** क्षेत्र के विभिन्न सहारा फ्रेंचाइजी कार्यालय पर उपभोक्ता चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। वहीं सहाराश्री सुब्रत रॉय के निधन होने की सूचना पर उपभोक्ता अपने जमा किए गए रुपए के लिए कार्यालय का चक्कर लगाते हुए बन्द पाए जाने पर उपभोक्ता मायूस होकर घर के लिए लौटते समय यहीं बयान कर रहे हैं कि तब तक तो सहाराश्री को जेल में होने तथा न्यायालय में लम्बित मामले को लेकर फैसला का इंतजार किया गया ! जब मालिक थे ! जिनका निधन मंगलवार को हो गया। अब हम उपभोक्ता सहारा संस्थापक के बिना कैसे अपना रुपए प्राप्त करेंगे उक्त विचारो को लेकर उपभोक्ताओं को चिन्ता सता रही है। सहाराश्री सुब्रत रॉय को जेल से बाहर आने के लम्बे समय बाद उपभोक्ताओं को दस हजार रुपए देने का फैसला सुरक्षित होने पर भी उपभोक्ता आसरा लगा कर उन पर निगाहे रखी थीं। वहीं निधन की सूचना पर उपभोक्ताओं की धड़कन तेज हो गई और रुपए को लेकर चिन्ता सताना शुरू हो गया है। उपभोक्ताओ का कहना है कि जब वह जेल में थे तो कई उपभोक्ताओं की बेटियों का हाथ रुपए के अभाव में पीले नहीं हुए आदि की व्यथा रो रहे हैं।

# नशेड़ी ट्रैक्टर चालक ने उपली पाथ रही महिला को रौंदा, मौत

## ट्रैक्टर घुसा टिन शेड छप्पर में धराशाई, सामान क्षतिग्रस्त



**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव क्षेत्र के बरौना गांव में एक नशेड़ी ट्रैक्टर चालक ने उपली पाथ रही एक महिला को रौंद दिया तथा पास में टीन शेड में ट्रैक्टर सहित घुस गया जिससे छप्पर धराशाई हो गया। महिला को इलाज के लिए प्रयागराज के लिए ले जा रहे थे तो रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बरौना थाना उतराव निवासी भाई लाल बिंद जो सब्जी बेचता है और सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गुरुवार शाम लगभग 3:00 बजे के करीब भाई लाल की पत्नी झूरी देवी बिंद उम्र 50 वर्ष जो राजा विश्वकर्मा के टीन शेड छप्पर के सामने उपली पाथ रही थी इतने में मोतिहा की तरफ से तेज रफ्तार नया ट्रैक्टर लेकर चालक अपने भट्ठे पर जा रहा था। जैसे ही बरौना पहुंचा ही था कि नशे में धुत चालक ने उपली पाथ रही महिला को रौदते हुए बगल में राजा विशकर्मा के टीन शेड में घुस गया। जिससे टिन शेड में रखें सामान क्षतिग्रस्त हो गए तथा घर धराशाई हो गया। वहीं सूचना पर मय फोर्स थाना अध्यक्ष उतराव पंकज त्रिपाठी पहुंचे घायल महिला को इलाज के लिए प्रयागराज को रवाना हुए जहां महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया है। मृतिका की चार बेटे व तीन बेटियां हैं।वही इस घटना से ग्रामीणों में ट्रैक्टर चालक के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।वहीं मृतिका झूरी देवी बिंद की मौत से बेटे बहु समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## आनियंत्रित ट्रक ने युवक को मारी टक्कर फिर पोल तोडकर दुकान में जा घुसी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक ट्रक अनियंत्रित होकर एक युवक को टक्कर मारते हुए खम्बा को तोडते हुए परचून की दुकान में घुस कर काफी नुक्सान पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज कर ट्रक को जब्त कर लिया। चालक फरार हो गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली निवासी नीरज कुमार का कथन है कि उसके पिता शंकरलाल 45 वर्ष दवा लेकर आ रहे थे अनियंत्रित ट्रक ने उनके पिता को टक्कर मार दी जिससे उनकी हालत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि अनियंत्रित ट्रक राकेश कुमार पुत्र पारसनाथ मौर्या के परचून की दुकान का पोल तोडते हुए परचून की दुकान में घुस कर काफी नुक्सान करके चालक फरार हो गया। पुलिस ट्रक को जब्त कर थाने लाकर खडी कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नागरिक इंटर कॉलेज जंघई प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चारण से हुआ अतिथि गृह का शिलान्यास



**जंघई।** नागरिक इंटर कॉलेज जंघई प्रांगण में अतिथि गृह का भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया। आचार्य नित्यानंद शुक्ल, आचार्य पवन कुमार पांडेय, आचार्य पवन कुमार दुबे द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण से भूमि पूजन करवाया गया।प्रबंधक परशुराम त्रिपाठी, अध्यक्ष यदुनाथ द्विवेदी, प्रधानाचार्य प्रभाकर मिश्र द्वारा फावड़ा चलाकर अतिथि गृह का शिलान्यास किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य नागरिक पीजी कॉलेज जंघई प्रोफेसर राजीव मालवीय, इंजीनियर भोलानाथ त्रिपाठी, सुरेंद्र पाठक, राजदेव दुबे, रामकृष्ण तिवारी, कौशल किशोर पांडेय, बाबा मिश्र, अभयराज मिश्र, हरिशंकर तिवारी, शशि प्रकाश शुक्ल, राकेश शुक्ला, अनुरेश तिवारी, सीताराम तिवारी, चंद्रमणि तिवारी, देवेंद्र दुबे, शिवधारी दुबे, रामवृक्ष मिश्र, गोपीनाथ पांडेय, आशाराम पांडेय, लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, राम अभिलाष पांडेय, सुरेश पांडेय, रामभास्कर तिवारी, मुन्ना पांडेय, उमाशंकर तिवारी, कपिल देव तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी, सोनू शुक्ला सहित नागरिक इंटर एवं पीजी कॉलेज जंघई के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## जलालपुर में दो दिवसीय नाटक गरीबों की आह एवं पाप की दुनिया का मंचन



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संविलयन नाट्य समिति जलालपुर मुतफर्का गांव में दो दिवसीय नाटक का मंचन किया गया जिसमें पात्रों द्वारा बखूबी किरदार को निभाया गया।मंगलवार को गरीबो की आह एवं बुधवार को पाप की दुनिया, गरीबो को जीने दो नामक नाटक का मंचन किया गया जिसमें उपस्थित दर्शक नाटक मंचन देखकर भाव-विभोर हो गये।इस अवसर पर अध्यक्ष इंद्रमणि बुड़ारी शोखा, उपाध्यक्ष जीत नारायण भाष्कर, कोषाध्यक्ष छोटेलाल भाष्कर, डायरेक्टर पुष्पराज भाष्कर, प्रेमराज भाष्कर एडवोकेट एवं पात्रों में अशोक यादव, मुलायम खलनायक, पप्पू सरोज खलनायक, राजेश भाष्कर नायक, आदित्य भाष्कर नायक, पवन बौद्ध नायिका, महेश भाष्कर नायिका, आयुष प्रताप, आरोश, रोशन, कमलेश, अनीश, राहुल, संजय, विकाश उर्फ निरहू, सुनील, पप्पू, विवेक, शुभम, मुकेश, अंकित, लवकुश, सचिन एव समस्त पात्र गण व डाक्टर अभिषेक सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीएमओ साहब अवैध क्लीनिक एवं अस्पतालों पर कब कसेगा शिकंजा !

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** सीएमओ साहब आपके अधीनस्थ अधिकारियों की मिली भगत एवं साठ - गांठ से मेजा में संचालित अवैध क्लीनिक तथा अस्पतालों पर कब कसेगा शिकंजा इलाज के नाम पर मरीजों की जेब पर डाका डालने तथा उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे बिना डिग्री एवं लाइसेंस के बेखौफ इन अस्पताल संचालकों पर आखिरकार कब होगी कार्यवाही ? ऐसा ही एक क्लीनिक सी एच सी मेजा की नाक के नीचे संचालित है जिसकी जानकारी अधीक्षक को होते हुए भी आज तक कोई कार्यवाही न होने से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के मेजा खास बड़ी नहर के उत्तर मेजा कोरांव मार्ग पर स्थित एक संचालित क्लीनिक जिसकी संचालिका एवं उनका एक सहयोगी है जिनके संबंध में बताया गया कि क्लीनिक संचालिका व उसके सहयोगी जो स्वयं को डाक्टर बताते हैं उनके पास डाक्टर की कोई डिग्री नहीं है और न ही क्लीनिक चलाने का लाइसेंस है ऐसे में बिना डिग्री व लाइसेंस इलाके की भोली भाली महिलाओं का प्रसव एवं सभी के आपरेशन बेखौफ कर रही क्लीनिक संचालिका द्वारा जहां महिलाओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है वहीं दवा इलाज नार्मल डिलेवरी तथा आपरेशन के नाम पर खुलेआम उनके परिजनों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। गौरतलब है कि क्लीनिक संचालिका द्वारा जिस कमरे में आपरेशन अथवा डिलेवरी की जाती है वहां किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है। भेड़ बकरियों की तरह महिलाओं को हलाला जाता है। बता दें कि अवैध क्लीनिक संचालिका के गलत इलाज एवं आपरेशन से अब तक कई महिलाओं की मौत भी हो चुकी है किन्तु सीधे सादे गरीब परिजन आज तक कोई कार्यवाही इस वजह से नहीं किए क्योंकि क्लीनिक संचालिका द्वारा उन्हें इलाज के दौरान इतना धमका दिया जाता है कि मृतक महिलाओं के परिजन कार्यवाही की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। इतना ही नहीं क्लीनिक संचालिका के बारे में तो यह भी कहा जाता है कि वह संभ्रांत लोगों को भी अपमानित करने से बाज नहीं आती है। ऐसे में आम जनमानस के लोगों का मानना है कि योगी सरकार आम जनता के स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सरकारी अस्पतालों को आधुनिक दवाओं तथा सुविधाओं से लैस करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है तो ऐसे में सी एम ओ साहब आपके मातहत अधिकारियों कर्मचारियों की साठ गांठ एवं मिलीभगत से संचालित फर्जी क्लीनिक संचालिका व उसके सहयोगी पर आखिरकार कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है।

## अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने क्लिनिक को किया सील



**प्रयागराज।** गुरूवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (पंजीकरण) डा० तीरथलाल के नेतृत्व में प्राप्त शिकायत के आधार पर टीम द्वारा विकास खण्ड करछना का भ्रमण किया गया। टीम द्वारा अपने औचक निरीक्षण के दौरान अमन क्लीनिक, कटरा चौराहा उभरी रोड करछना प्रयागराज का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि उक्त क्लीनिक एक क्लीनिक के रूप में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पंजीकृत है किन्तु क्लीनिक पर प्रसव से सम्बन्धित कार्य किया जा रहा था, जिस कारण क्लीनिक को सील कर दिया गया। उक्त के अतिरिक्त टीम द्वारा सरस्वती हास्पिटल, पता-बलापुर, ताड़ चौराहा, मछली मण्डी, (कर्मा) प्रयागराज का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण करने पर कोई चिकित्सक न होने पर हास्पिटल को सील कर दिया गया। तत्पश्चात आर०के० डेण्टल क्लीनिक, जीतू पैथोलॉजी तथा राज क्लीनिक, छीतूपुर करछना कर्मा, मार्ग पर तीनों सेण्टर अपंजीकृत पाये गये, जिस कारण सेण्टरों को सील कर दिया गया। इसके उपरान्त न्यू लाइफ मेडिकेयर एण्ड क्लीनिक, कर्मा बाजार प्रयागराज का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान वहां पर एक व्यक्ति बुखार से पीड़ित था, जिसे वहां से डिस्चार्ज करा दिया गया एवं एक पेशेन्ट श्रीमती मौसमी पत्नी गुड्डू को जसरा के लीलावती हास्पिटल से उक्त न्यू लाइफ मेडिकेयर एण्ड क्लीनिक पर आयी थी, जिसे संचालक को पूरी जिम्मेदारी सौंपते हुए पुनः लीलावती हास्पिटल में शिफ्ट किया गया एवं उक्त मेडिकेयर क्लीनिक को सील कर दिया गया। तथा निर्देशित किया गया कि यदि क्लीनिक के पंजीकरण पर कोई हास्पिटल संचालित करते हुए पाया गया तो तत्काल प्रभाव से उसके क्लीनिक का पंजीकरण निरस्त करते हुए उस पर विधिक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

# श्रीराम को देखकर के जनक नंदनी बाग में वो खड़ी की खड़ी रह गई



**प्रतापपुर।** ॐ साईनाथ रामलीला मंडल विश्वंभरपुर, मिजार्पुर की रामलीला मंचन के प्रथम दिवस मंगलवार को मुकुट पूजन, नारद मोह, फुलवारी एवं धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया।रामलीला प्रसंग में फुलवारी लीला आरंभ हुई जिसमे गुरु विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण जनकपुर पहुंचते हैं जहां दोनों भाई जनकराज की वाटिका में पूजा के लिए पुष्प लेने जाते हैं और सीता से भेंट होती है।रामलीला में फुलवारी लीला, जनक प्रतिज्ञा, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद, राम जानकी विवाह और सीता विदाई का मंचन किया गया।रामलीला मंचन में धनुष यज्ञ लीला हुई जिसमें तमाम सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए राजा-महाराजा धनुष को नहीं उठा पाते हैं इसके बाद गुरु की आज्ञा पाकर राम, शिव धनुष को हाथ से उठाकर जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाते हैं, वैसे ही धनुष टूट जाता है धनुष टूटने की आवाज आकाश में गूंजती है और उसी समय परशुराम गरजते हुए महल में पहुंचते हैं और तभी परशुराम लक्ष्मण संवाद होता है इसके बाद राम जानकी विवाह व विदाई लीला हुई। रामलीला मंचन को देखने हेतु बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे जिसमें मुख्य रूप से पंडित धर्मेंद्र शर्मा रसील, अध्यक्ष पंडित मुरलीधर शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकुश दूधनाथ उपाध्याय, डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह धनंजय, सह डायरेक्टर पंडित विशाल शर्मा, वरिष्ठ कलाकारों मे पंडित सुभाष चंद्र शर्मा, पंडित प्रकाश चंद्र तथा अतुल शर्मा, शुभम शर्मा, सागर शर्मा, अमन शर्मा, सचिन दुबे, आयुष पांडेय, शशिकांत तिवारी, केतन उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।ॐ साईनाथ रामलीला मंडल का पंच दिवसीय रामलीला का भव्य व दिव्य शुभारम्भ 14 नवंबर दिन मंगलवार से हुआ है जिसमे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मुंबई के मशहूर व प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अद्भुत रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

# सनातन धर्म रामलीला कमेटी के कलाकारों ने लक्ष्मण शक्ति मंचन का किया प्रदर्शन

## प्रधान संघ अध्यक्ष व महामंत्री एवं प्रधान ने कलाकारों का किया उत्साहवर्धन



**करछना।** सनातन धर्म रामलीला कमेटी पचदेवरा के कलाकारों की ओर से खेलीजा रही दस दिवसीय रामलीला मंचन के बुधवार की रात्रि में लक्ष्मण शक्ति की रामलीला में कलाकारों ने खूब समा बांधा । बादरी सेना के साथ लंका पर आक्रमण के दौरान लड़ाई के मैदान में आमने- सामने आए लक्ष्मण और मेघनाथ का संवाद सराहनीय रहा। मेघनाथ द्वारा छोडी गय वीर घातिनी शक्ति के लगते ही लक्ष्मण मूर्छित हो कर गिर पड़े। उधर हनुमान जी सुषेन वैद्य द्वारा बताई गई संजीवनी बूटी को लेने नीलगिरी पर्वत की ओर गए । किंतु सही पहचान नहीं कर पाए तो पर्वत खंड उखाड़कर आकाश मार्ग से रणभूमि की ओर लौटे । वे जैसे ही उड़कर अयोध्या नगरी के ऊपर पहुंचे ही थे कि भरत ने कोई मायावी राक्षस समझ कर बाण छोड़ दिया। बाण लगते ही हनुमान धरा शाही हो गए। इस दौरान भरत और हनुमान के मार्मिक संवाद को सुनकर सभी दर्शकों की आंखें नम हो गयी । रामलीला के मंच पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे प्रधान संघ करछना के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह दादू और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान संघ करछना के महामंत्री धीतेश तिवारी धीरू का रामलीला कमेटी की ओर से माल्यार्पण करके उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। उन्होंने लोगों से राम के आदर्शों का अनुकरण करने की अपील की। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश शुक्ल, उपाध्यक्ष राजू विश्वकर्मा, प्रबंधक पवन शुक्ल, उप प्रबंधक प्रेमचंद गुप्ता, डायरेक्टर मुन्ना शुक्ल, उप डायरेक्टर मंगला गौड़, कोषाध्यक्ष विजय मिश्र व आशु पांडेय व्यवस्थापक गुरु चरण पटेल , वीरेंद्र केसरवानी व अवनीश की ओर से कलाकारों समेत दर्शकों के प्रति आभार जताया गया।

## न्यूज झरोखा

### सहाराश्री सुब्रत राय के निधन पर शोक, मांडा क्षेत्र के शुभ चिन्तको ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत 69 ग्राम पंचायतो से सहारा परिवार में जुड़े सैकड़ो उनके शुभ चिंतकों ने जैसे उनकी निधन की जानकारी हुई शोक की लहर दौड़ गई। विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत 15 नम्बर को सहाराश्री सुब्रत राय के निधन की सूचना पर शोक की लहर दौड़ गई। सहाराश्री सुब्रत रॉय के नामों से जानें जाने वाला सहारा इंडिया परिवार फ्रेंचाइजी कार्यालय मांडा खास व चिलबिला फ्रेंचाइजी कार्यालय पर सहारा परिवार में जुड़े कार्यकताओं ने सहाराश्री सुब्रत राय के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। और उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जेपी मौर्य ने कहा कठिनाईयो का सामना मील के पत्थर की तरह खड़े होकर किया। वें अपने एक- एक कार्यकताओं को अपना परिवार मानकर कारवा को आगे बढ़ाने में आपनी ऊर्जा खर्च किया है। ऐसे सख्शियत को बार - बार श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया। इसी तरह चिलबिला फ्रेंचाइजी कार्यालय पर सहाराश्री के चित्रों पर ओम प्रकाश मौर्य ने अपने कार्यकताओं के साथ शोक संवेदना व्यक्त किया।

### दहेज न मिलने पर पति लाया सौतन, विवाहिता को मार पीट कर भगाया

**मऊआइमा।** दहेज में दस लाख रुपए और सोने के जेवरात न मिलने पर पति मुंबई से सौतन लाकर विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासनीय शहनुमा बानों की शादी गांव के ही अरबाब के साथ 5 मार्च 2021 को हुआ। शहनुमा बानों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालियों द्वारा उसके दहेज का पांच तोला सोना, बाइक बेच दिए आरोप है कि फिर उसको मार पीट कर मयके से पचास हजार मांगाए। शहनुमा बानों का आरोप है कि पति मुंबई जा कर एक युवती लाया और मुझसे दस लाख रुपए दहेज मांगा बोला की दस लाख लाओ नहीं तो इस लड़की से शादी कर लूंगा शहनुमा बानों का आरोप है कि ससुरालियों ने उसे मार पीट कर। 13 नवम्बर को भगा दिए। शहनुमा बानों ने पति अरबाब,सास किस्मतुन निशां,जेठ शादाब, महताब, ननद रूखसाना के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### सड़क पार कर रही महिला को चार पहिया वाहन ने टक्कर मारी महिला नाजुक

**मऊआइमा।** ।सड़क पार करते समय महिला को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे महिला को नाजुक हालत में बेली में भर्ती करवाया गया है।वाहन प्रतापगढ़ की ओर भाग निकला। मऊआइमा हाईवे थाना पडाव चौराहे पर बुधवार को शाम के समय नवाबगंज के ग्राम सनौनापुर निवासनीय वन्दना देवी पत्नी रविशंकर सड़क पार कर रही थी।बताते हैं कि प्रयागराज की ओर से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर भाग गयी। वंदना देवी को बेली अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# अपने कुकर्मों के कारण प्रेत बन गया था धुंधकारी : पं. सुरेश चंद्र शुक्ला

**अखंड भारत संदेश**



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के सोरांव गांव निवासी पंडित श्रीकांत उर्फ लल्लन द्विवेदी सहधर्मिणी श्रीमती विमला द्विवेदी के आवास पर श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ बुधवार को कलश पूजन से शुभारंभ हुआ।कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित सुरेश चंद्र शुक्ला ज्योतिष विद भागवत मर्मज्ञ प्रयागराज द्वारा धुंधकारी व गोकर्ण की कथा सुनाई गई।व्यास पीठ पर बैठे भागवत मर्मज्ञ पंडित सुरेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि श्रीमद्भागवत को हिंदू धर्म का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पुराण माना गया है।मनुष्य के जीवन में श्रीमद् भागवत कथा का बड़ा महत्व है।श्रीमद् भागवत कथा से मनुष्यों को ज्ञान व वैराग्य की प्राप्ति होती है।श्रीमद् भागवत कथा जीवन में उद्देश्य व दिशा को दशार्ती है,इसलिए कहते हैं कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उसे ईश्वर के श्रीचरणों में स्थान मिलता है। साथ ही उन्होंने गोकर्ण व धुंधकारी की कथापान कराते हुए लोगों को बताया कि धुंधकारी ने अपने जीवन में बहुत पाप किए थे,लेकिन श्रीमद् भागवत कथा सुनकर उसका उद्धार हुआ था। तुंगभद्रा नदी के तट आत्मदेव नामक ब्राह्मण रहता था,जो बड़ा ही विद्वान था।आत्मदेव को सबसे बड़ा दुख यह था कि उसके कोई संतान नहीं थी।एक बार वह जंगल में गया तो उसे एक साधु मिले।उसने साधु को अपनी पीड़ा बताई।तब साधु ने उसे एक फल दिया और कहा कि इसे अपनी पत्नी धुंधली को खिला देना लेकिन, उसकी पत्नी ने ये फल खुद नहीं खाया और इसे गाय को खिला दिया।कुछ समय बाद गाय ने एक बच्चे को जन्म दिया, जो एक मनुष्य के रूप में था।उसका नाम गोकर्ण रखा गया।वहीं, धुंधली को उसकी बहन ने अपना एक पुत्र दे दिया, जिसका नाम धुंधकारी रखा गया।दोनों पुत्र में गोकर्ण तो ज्ञानी व पंडित निकला, लेकिन धुंधकारी दुष्ट व दुराचारी निकला।उसने अपने जीवन में चोरी करना शुरू कर दिया।उसने दूसरों को कष्ट पहुंचाना शुरू कर दिया।अंत में उसने अपने पिता की सारी संपत्ति नष्ट कर दी। इससे दुखी होकर पिता आत्मदेव घर छोड़कर वन में चले गए और प्रभु भक्ति में लीन हो गए।उन्होंने धर्म कथाएं सुननी शुरू कर दीं। इधर, मां धुंधली घर पर ही थी। एक दिन धुंधकारी ने मां को मारा पीटा और पूछा कि धन कहां छिपा रखा है।अपने बेटे की रोज रोज मार से तंग आकर मां धुंधली कुएं में कूद गईं।कुछ समय बाद धुंधकारी की भी मृत्यु हो गई और वह अपने कुकर्मों के कारण प्रेत बन गया।उसके भाई गोकर्ण ने उसका गयाजी में श्राद्ध व पिंडदान करवाया, ताकि उसे मोक्ष प्राप्त हो सके।लेकिन, मृत्यु के बाद धुंधकारी प्रेत बनकर अपने भाई गोकर्ण को रात में अलग-अलग रूप में नजर आता।एक दिन वह अपने भाई के सामने प्रकट हुआ और रोते हुए बोला कि मैंने अपने ही दोष से अपना ब्राम्हणत्व नष्ट कर दिया।गोकर्ण आश्चर्य थे कि श्राद्ध व पिंडदान करने के बाद भी धुंधकारी प्रेत मुक्त कैसे नहीं हुआ।इसके बाद गोकर्ण ने सूर्यदेव की कठोर तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर सूर्यदेव ने दर्शन दिए।गोकर्ण ने सूर्यदेव से इसका कारण पूछा तब उन्होंने कहा कि धुंधकारी के कुकर्मों की गिनती नहीं की जा सकती।इसलिए हजार श्राद्ध से भी इसको मुक्ति नहीं मिलेगी।धुंधकारी को केवल श्रीमद्भागवत से मुक्ति प्राप्त होगी।इसके बाद गोकर्ण महाराज जी ने भागवत कथा का आयोजन किया।जिसे सुनकर धुंधकारी को मोक्ष की प्राप्ति हुई और प्रेत योनि से मुक्ति मिली।वही कथा आयोजक जितेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार 21 नवंबर 2023 को कथा का समापन होगा और बुधवार 22 नवंबर 2023 को महाप्रसाद का आयोजन होगा।

## झपट्टा मार कर भागे बदमाशों की बाइक हुई बरामद

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक गल्ला व्यापारी से झपटटा मार कर लूट की गई कोशिश बाइक से भाग रहे दो बदमाश की बाइक गिरी बदमाश भाग गए अज्ञात में मुकदमा दर्ज। मऊआइमा थाना पडाव स्थित सुल्तानपुर खास निवासी शिवबाबू हाईवे पर गल्ले की आढत चलाते हैं। बताया गया है कि प्रतापगढ़ के थाना जेठवारा के जीत लाल पटेल पुत्र राम कृपाल ग्राम गंभीरा छोटई ने पचीस हजार का धान बेच कर हाईवे पर वाहन का इंतजार कर रहा था। बताया गया है कि तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने पैसे छिन्ने के लिए झपटटा मारा परन्तु पैसा नहीं मिला अलबत्ता बदमाश बाइक से गिर पडे।और भाग निकले।पुलिस ने लूट की असफल कोशिश करने वाले दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि लूट की घटना नहीं हुई। झपटटा मारे थे।पैसा गिर गया था जिसे व्यापारी जीतलाल पटेल को मिल गया।तथा अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रयागराज पहुंचे फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, कहानी संग्रह का किया विमोचन

**प्रयागराज।** फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष और हिंदी के जाने माने कवि और पटकथा लेखक प्रसून जोशी बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे। सिविल लाइंस स्थित एलचिको रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कई कविताएं सुनाईं। इस दौरान उन्होंने कहानी संग्रह पलकों की छांव का विमोचन भी किया।

इस दौरान शहर के जाने बड़ी संख्या में जाने माने साहित्यकार और कवि मौजूद रहे। लोगों के आग्रह पर उन्होंने कई कविताओं का पाठ किया। लोगों के विशेष आग्रह पर उन्होंने उन्होंने फिल्म तारे जमीन पर के चर्चित गीत मां गीत भी सुनाया। इसके अलावा उन्होंने रंग दे बसंती, फना, तारे जमीन पर आदि फिल्मो के गीत सुनाए।

# जिलाधिकारी ने देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में की बैठक

**सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बंधित सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में 27 नवम्बर, 2023 को देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य लोगो को भी कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। दीपों को अच्छे एवं व्यवस्थित ढंग से जलाने के लिए सेक्टर वार व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने मार्गों पर साइनेज तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि देव दीपावली पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल संगम क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो सहित अन्य



कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को देव दीपावली पर्व पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने, नगर निगम को साफ-सफाई एवं पानी के टैंकर, मोबाइल ट्वायलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। विकास प्राधिकरण के द्वारा सभी चैराहों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी घाटों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट एवं सैण्ड आर्टस आदि की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने शास्त्री ब्रिज एवं नए यमुना ब्रिज पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को देव दीपावली पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने हेतु सौंपे गये दायित्वों को पूर्ण मनोयोग के साथ सम्पादित किए जाने के लिए कहा है। डीएम ने देव दीपावली पर्व के अवसर पर पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात को कहा है। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ-साथ अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की भी व्यवस्था करने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्ष देव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात, ए0डी0एम0 मेला दयानन्द प्रसाद सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नहाय खाय के साथ शुरू होगा सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा

**पुत्रों की लंबी आयु व अच्छे स्वास्थ्य के लिए माताएं रखती हैं कठोर व्रत**

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी महापर्व छठ पूजा की शुरूआत 17 नवंबर को नहाय खाय से शुरू होगी। पुत्र की दीर्घायु और सकुशलता के लिए माताओं द्वारा रखे जाने वाला व्रत सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की शुरूआत 17 नवंबर को नहाय खाय से शुरू होगा। इससे पहले ही सूर्यषष्ठी के गीतों और गूंज सुनाई देने लगी। इस महापर्व को लेकर संगम स्थित गंगा और बलुआघाट के यमुना घाट पर अधिकारियों और संस्थाओं के द्वारा देर रात तक तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। माताएं नहाय खाय के बाद 18 नवंबर को खरना के बाद 19 को निर्जल उपवास के साथ अस्त होते हुए सूर्य को,जबकि 20 को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन करेंगी। पूर्वांचल विकास एवं छठ पूजा समिति की ओर से छठ महापर्व महोत्सव के आयोजन को लेकर संगम तट पर पूरी तैयारियां कर ली गई है। संयोजक अजय राय की अगुवाई में समिति के कार्यकताओं ने संगम के आसपास बल्लियां लगवा कर लाईट और साउंड के साथ साथ ही शिविर कार्यालय को बनवा दिया है। संयोजक अजय राय के मुताबिक संगम तट की सफाई और पूजा में सहयोग करना भी भी पुण्य का कार्य है। सभिनके सहयोग से संगम पर महाछठ पर्व भव्यता और धूम धाम से मनाया जाता रहा है। ज्योतिविंदों के अनुसार छठ पर्व के तीसरे दिन शाम 5.22 बजे अस्ताचलगामी सूर्य व चौथे दिन 20 नवंबर को सुबह 6.39 बजे उगते सूर्य को अर्घ्य दिये जाने का मुहूर्त है। अर्घ्य देने के बाद सूपों में रखा सामान भगवान सूर्य और माता षष्ठी देवी को अर्पित किया जायेगा। गुरुवार को संगम के अलावा रामघाट, दशाश्वमेध घाट, यमुना के बलुआ घाट, नैनी अरैल घाट और झूंसी के तटों पर पूजन के लिए वेदियां बनाने और अपनी जगह बनाने के लिए पहले से लोग पहुंचकर निशान लगा रहे है। पंडित विमलेश त्रिपाठी, शास्त्री के अनुसार पहले दिन ही पांच शुभ योग है। जिसमें (धृतियोग, प्रवर्धमान नामक औदायिक योग, जय योग, रवियोग और द्विपुष्कर) और तीसरे दिन धनिष्ठा नक्षत्र वृद्धि और ध्रुव नामक दो शुभ योग की स्थिति है। वहीं छठ महापर्व का समापन (धनिष्ठा नक्षत्र, ध्रुव योग तथा औदायिक) भी शुभ योग में बन रहा है। छठ पूजा पर्व में व्रत, उपवास, उपासना पूजा, अर्घ्य और पूजा मे उपयोग किये जाने वाली वस्तुओं की पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। छठ व्रत रोगों से मुक्ति, संतान के सुख और समृद्धि में वृद्धि के लिए रखती है। नहाय खाय से शुरुआत के दूसरे दिन खरना को व्रती महिलाएं उपवास करेंगी। शाम को पूजा करने के बाद व्रत का पारण करेंगी। तीसरे दिन महिलाएं निर्जल उपवास रखेंगी। पर्व के चौथे दिन सूर्योदय के समय महिलाये अर्घ्य पारण फिर से पारण करेंगी। प्रशासन ने शुरू कराई तैयारी डाला षष्ठी व्रत की तैयारियां तेज हो गई हैं। मेला प्रशासन की ओर से घाटों पर महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए रूम बनाने का काम किया गया है। इसके साथ ही जहां कटान है वहा पर समतलीकरण कराया गया है। गुरुवार को रामघाट पर जेसीबी लगाकर पाटी को पाट दिया गया है। महापौर ने छठ की तैयारियों का लिया जायजा महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने गुरुवार को गंगा यमुना के घाटों पर डाला छठ पर्व की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अलावा मेला प्रशासन के अधिकारियों को कटान पाटने के साथ ही समतलीकरण कर समय रहते तटों पर बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# सूर्य के उपासना की तैयारियां तेज, संगम तट पर वेदियां बनाने के लिए समतलीकरण जोरों पर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नहाय-खाय की रस्म के साथ शुक्रवार को सूयोर्पासना के चार दिवसीय डाला षष्ठी व्रत की शुरूआत होगी। इसी के साथ संगम समेत गंगा,यमुना के घाटों पर वेदियां बनाने के लिए व्रतियों और उनके परिजनों की भीड़ लगने लगी है। शनिवार को खरना होगा और रविवार को जल के बीच खड़ी होकर व्रती महिलाएं अस्ताचल गामी सूर्य को प्रथम अर्घ्य देंगी।सूर्य षष्ठी के गीत गूंजने लगे हैं। लोक मानस के इस धार्मिक उत्सव को लेकर घर-घर में उत्साह छा गया है। बृहस्पतिवार को संगम के अलावा रामघाट, दशाश्वमेध घाट, यमुना के बलुआ घाट, अरैल घाट और झूंसी के तटों पर वेदियां बनाने और अपनी जगह पक्की करने की



होड़ मची रही। नहाय-खाय के साथ ही महिलाओं ने व्रत धारण कर लिया। इसी के साथ षष्ठी माता के गीत गूंजने लगे हैं। बाजे गाजे के साथ महिलाएं रविवार को पूजा का डाला सजाकर परिजनों, रिश्तेदारों के साथ तटों पर पहुंचेंगी और मंगलकामना के लिए अर्घ्यदान करेंगी।

**जेसीबी से पाटी जा रही कटान, दलदल में फंसा ट्रैक्टर :** डाला षष्ठी व्रत की तैयारियां तेज हो गई हैं। मेला प्रशासन की ओर से घाटों पर महिलाओं को वस्त्र बदलने केलिए चेजिंग रूम बनाने के साथ ही कटान वाले तटों पर समतलीकरण कराया जा रहा है।



बृहसपतिवार को रामघाट पर जेसीबी लगाकर कटान पाटी जाती रही। इसी तरह संगम नोज पर समतलीकरण के लिए लगाया गया ट्रैक्टर दलदल में फंस गया। देर शाम तक इस ट्रैक्टर को नहीं निकाला जा सका था।

**महापौर ने छठ की तैयारियों का लिया जायजा, समय से काम पूरा करने का निर्देश :** महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने बृहस्पतिवार को गंगा-यमुना के घाटों पर डाला छठ पर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम के अलावा मेला प्रशासन के अधिकारियों को कटान पाटने के साथ ही समतलीकरण कर समय रहते तटों पर बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत भाजपा पार्टी कार्यालय में बैठक हुई

**प्रयागराज।** वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में बैठक हुई जिसमें अभियान से जुड़े प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन कर रहे अभियान के जिला संयोजक उपाध्यक्ष प्रमोद मोदी ने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष वोटर अभियान संबंधित आगामी कार्यक्रमों की जानकारी सभी को दी। जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा जो 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवाओं, विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान, बूथ से अन्यंत्र निवास करने वाले तथा बूथ पर नए आए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या नाम कटने का कार्य तथा दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करना है। 25 नवंबर से तीन दिसंबर तक घर-घर संपर्क का विशेष अभियान चलाकर पार्टी एक एक मतदाता से संपर्क करेगी। उन्होंने कहा कि नव मतदाताओं से सम्पर्क करके उन्हें पार्टी से जोड़कर 2024 लोकसभा चुनाव की विजय आसान होगी और फिर एक बार पुनः देश में प्रचंड बहुमत वाली भाजपा की सरकार होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अभियान पश्चिमी संयोजक प्रभाशंकर पांडेय, महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा, देवेश सिंह, रवि केसरवानी, उपाध्यक्ष गिरिजेश मिश्रा, मंत्री सचिन जयसवाल, पियूष सिंह, राघवेंद्र कुशवाहा, नीरज दीक्षित, देवेंद्र नाथ मिश्र, दीप द्विवेदी, पवन मिश्रा रहे।

# डाक विभाग के इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में मात्र 258 रुपए में होगा 10 लाख का दुर्घटना बीमा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। वित्तीय सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। उक्त उद्गार पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने 16 नवम्बर को प्रयागराज परिक्षेत्र में डाक सेवाओं और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सेवाओं की समीक्षा को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में व्यक्त किए।पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वाहनों का बीमा, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी तमाम सेवाओं का लाभ भी डाकिया के माध्यम से लिया जा सकता है। डाकिया अब घर बैठे पेंशनर्स का जीवित प्रमाण पत्र भी बना रहे हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एक विशेष सामूहिक दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है, जिसमें वर्ष में महज 258 और 396 रुपए के प्रीमियम के साथ लाभार्थी का 10 लाख रुपए का बीमा होगा। एक साल खत्म होने के बाद अगले साल यह बीमा रिन्यू करवाना होगा। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। श्री यादव ने बताया कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और बजाज ग्रुप एक्सीडेंट गार्ड के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों



को यह सामूहिक दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। इसके तहत, दोनों प्रकार के बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु, स्थाई या आंशिक पूर्ण अपंगता, अंग विच्छेद या पैरालाइज्ड होने पर 10 लाख रुपए का कवर मिलेगा। साथ ही साथ इस बीमा में दुर्घटना से हॉस्पिटल में भर्ती रहने के दौरान इलाज हेतु 60,000 रुपए तक का आई.पी.डी खर्च और ओ.पी.डी में 30,000 रुपए तक का क्लेम मिलेगा। वहीं, 396 रुपए के प्रीमियम बीमा में उपरोक्त सभी लाभों के अलावा दो बच्चों की पढ़ाई के लिए एक लाख तक का खर्च, दस दिन अस्पताल में रोजाना का एक हजार खर्च, किसी अन्य शहर में रह रहे परिवार हेतु ट्रांसपोर्ट का 25,000 रूपए तक का खर्च और मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए 5,000 तक का खर्च मिलेगा। इस अवसर पर डाक निदेशक गौरव श्रीवास्तव, प्रवर डाक अधीक्षक अभिषेक श्रीवास्तव, चीफ मैनेजर आईपीपीबी विकास कुमार, एस. के. वर्मा, उपाधीक्षक डाकघर प्रमिला यादव, डाक अधीक्षक एम. एम हुसैन, सहायक डाक निदेशक मासूम रजा रश्दी, एवं तनवीर अहमद, सीनियर मैनेजर आइपीपीबी ज्योति गौतम, तफशीर खान, अमित सिंह, पंकज तिवारी, आलोक कुमार सहित डाक विभाग के तमाम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर बॉबी सराफ बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति, शुक्रवार को लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर बॉबी सराफ शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश की अदालत में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायधीश प्रीतिंकर दिवाकर उन्हे शपथ ग्रहण करवाएंगे।न्यायमूर्ति सराफ का जन्म 21 अक्तूबर 1971 को हुआ था। इनके पिता भी कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रह चुके हैं। इन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता और लॉ मार्टिनियर स्कूल फॉर बॉयज कलकत्ता से शिक्षा प्राप्त की। 1996 में बीए से स्नातक किया। नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू), बैंगलोर से एलएलबी (ऑनर्स) पाठ्यक्रम पूरा किया। वर्ष 2000 में, फॉरेन एंड कॉमनवेल्थ ऑफिस, यूनाइटेड किंगडम द्वारा प्रायोजित द यंग इंडियन लॉयर्स प्रोग्राम 2000 के लिए शेवनिंग स्कॉलरशिप प्राप्त की। कार्यक्रम के तहत, अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता, प्रतिस्पर्धा कानून, यूरोपीय समुदाय कानून और विलय और अधिग्रहण सहित विभिन्न विषयों पर कॉलेज ऑफ लॉ, यॉर्क में छह सप्ताह तक अध्ययन किया।जनवरी 2001 में, इंग्लैंड और वेल्स के सुप्रीम कोर्ट के वकील के रूप में योग्यता प्राप्त की।2004 से सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और कंपनी मामलों के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय में भारत संघ के वकील के रूप में पेश हुए। जुलाई 2010 से आयकर मामलों के संबंध में भारत सरकार के वरिष्ठ वकील के रूप में पेश हुए और दिसंबर 2011 से केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क और सेवा कर मामलों के संबंध में वरिष्ठ स्थायी वकील के रूप में पेश हुए। जून 2012 से, कलकत्ता उच्च न्यायालय नोट्स (सीएचएन) के एसोसिएट संपादक थे।

# सुआट्स कालेज में वेतन को लेकर एक बार फिर से बावल

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सुआट्स कालेज (सैम हिगिन्नबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज) में वेतन को लेकर लगातार बवाल बढ़ता जा रहा है। गुरूवार को एक बार फिर शिक्षकों ने वेतन को लेकर कालेज कैम्पस में बवाल कर दिया। बवाल और हंगामे की सूचना पर एसडीएम करछना और एसीपी ने फोर्स के साथ पहुंचकर कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया। कर्मचारियों का कहना है कि सिर्फ समय दिया जा रहा है वेतन के नाम पर कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। इससे पहले भी वेतन देने के लिए समय दिया गया था। लेकिन सम्ह बीतने के बाद भी वेतन नहीं मिल सका। बता दें कि सुआट्स कालेज के निदेशक प्रशासन के जेल जाने के बाद से कालेज की स्थित लगातार बिगड़ती जा रही है। इस समय चार्ज में सीजे वैशली आफिसियटिंग रजिस्ट्रार के पद पर है। वही डाक्टर इम्तियाज रिटायर्ड डायरेक्टर इंटरनेशनल है। कॉलेज प्रशासन के जेल जाने के बाद से कालेज में काम करने वाले कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों को समय पर वेतन मिलना तो दूर उन्हे वेतन दिया ही नहीं जा रहा है। बिगड़ते हालात और तंगी में जी रहे कर्मचारियों का गुस्सा गुरुवार को फिर एक पढ़ा फिर फूट पड़ा। कर्मचारियों ने फाइनेंस कार्यालय के सामने इकट्ठा होकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलने पर एसडीएम करछना राजेश श्रीवास्तव और एसीपी करछना मौके पर पहुंच गये। कर्मचारियों का कहना है कि कालेज प्रशासन ने 72 घंटे का समय दिया था। 16 नवंबर को सैलरी देने



की बात की गयी थी। शुक्रवार को 72 घंटे का समय पूरा होगा। लेकिन कर्मचारियों के वेतन को लेकर कोई वार्ता नहीं हो सकी है। कई बार विरोध किया लेकिन कुछ नहीं हो सका। घंटो चले हंगामे में कर्मचारियों का कहना था कि रजिस्ट्रार को बुलाया जाये। कर्मचारियों की मांग पर अधिकारियों ने बुलाने का आश्वासन दिया है। कर्मचारियों ने बताया अब फाइनेंस विभाग में मौजूद रंजन जॉन, अमित कुमार, जय नरायन रिटायर्ड होने के बाद भी डबल सैलरी ले रहे है। वेतन को लेकर फाइनेंस का कोई भी कर्मचारी बात सुनने को तैयार नहीं है। मालूम हो कि कॉलेज में लगाई गयी एडवांस इंडियन एजेंसी के 300 गार्ड कार्यरत है। जिन्हे भी दस महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन मांगने पर उन्हे बाहर करने कि लगातार धमकी दी जाती है। पहले भी सुरक्षा एजेंसी के मालिक राकेश दुबे ने कालेज प्रशासन से बात किया कि, लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल सका।

## दयाशंकर प्रसाद को गोपाल राम गहमरी सम्मान

**प्रयागराज।** नगर के छोटा बघाड़ा निवासी साहित्यकार दयाशंकर प्रसाद को वर्ष 2023 का गोपाल राम गहमरी सम्मान प्रदान किया जएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक अखंड प्रताप सिंह ने दी है। दयाशंकर होलागढ़ ब्लाक के दामोदर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। इससे पहले देहगंध पर ही इन्हें उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की तरफ से वर्ष 2016 में हरिवंशराय बच्चन युवा गीतकार सम्मान प्रदान किया जा चुका है। एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर, जिला-गाजीपुर में 22 दिसंबर का आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह सम्मान देशभर 30 साहित्यकारों समेत दयाशंकर प्रसाद को उनके काव्य संग्रह देहगंध के लिए प्रदान किया जाएगा। साहित्यिक संस्थान साहित्य सरोज की तरफ से गहमर, गाजीपुर में प्रत्येक वर्ष आयोजन किया जाता है, जिसमें देशभर के प्रमुख साहित्यकार एकत्रित होते हैं।

## भाजपा नेता पर हमला करने वाले दो नामजद और तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** भाजपा नेता के घर में घुस कर मार पीट कर लहुलुहान और चोरी कर हमला के मामले में पुलिस ने दो नामजद तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासी शम्भू नाथ स्थानीय भाजपा नेता है। शम्भू नाथ का आरोप है कि उनके विरोधी बुधवार को रात के समय घर में घुस कर हमला बोल दिए तथा ढाई हजार की धान की चोरी किए।तथा लाठी डंडा कुल्हाड़ी से मार कर लहुलुहान कर दिए। मऊआइमा पुलिस ने हीरामणि, बबलू उर्फ मोटू पुत्रगण हरिश्चंद्र उर्फ तुलई,और तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मण्डलायुक्त ने धान क्रय केन्द्रो पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित बनाये रखने के दिए निर्देश

**निरीक्षण में यदि कहीं कोई कमी पायी गयी, तो अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति एवं सम्बंधित एजेंसी होंगे जिम्मेदार, धान की बिक्री करने में किसानों को कोई भी असुविधा न होने पाये, सभी धान क्रय केन्द्र प्रभावशाली ढंग से रहे क्रियाशील**

**क्रय केन्द्रों के बंद पाये जाने या धान खरीद में लापरवाही या उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई, प्रयागराज मण्डल में इस वर्ष धान क्रय का कुल लक्ष्य 528000.00 मीट्रिक टन निर्धारित, कोई भी व्यक्ति बनाये गये कंट्रोल रूम पर अपना सुझाव/शिकायत दर्ज करा सकता है**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गांधी सभागार में धान खरीद की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी अपर जिलाधिकारी आपूर्ति, आरएमओ एवं सभी डिप्टी आरएमओ सहित अन्य सभी सम्बंधित अधिकारियों को धान क्रय केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा है कि धान खरीद के सम्बंध में जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने मण्डल के सभी अपर जिलाधिकारियों को धान खरीद का नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने सभी जनपदों के अपर जिलाधिकारियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन अनिवार्य रूप से बैठक करते हुए धान खरीद की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा है कि धान की बिक्री करने में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने कहा है कि धान क्रय केन्द्रो पर नमी मापक यंत्र सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें उपलब्ध रहें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि सभी धान क्रय केन्द्र प्रभावी ढंग से क्रियाशील रहे। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यदि कहीं से भी क्रय केन्द्रों के बंद होने तथा केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित न होने की शिकायत पायी गयी तो सम्बंधित अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति एवं सम्बंधित क्रय एजेंसी एजेंसी जिम्मेदार होंगे। मण्डलायुक्त ने प्रत्येक क्रय केन्द्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष अनिवार्य रूप से धान क्रय की प्रगति सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि धान की बिक्री करने वाले किसानों के खाते में उनका पैसा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अवश्य पहुंच जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी डिप्टी आरएमओ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को धान खरीद के शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीद की समीक्षा करते रहने का निर्देश दिया है।मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जिलो में धान खरीद हेतु बनाये गये कंट्रोल रूम का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं कंट्रोल रूम पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया है। कोई भी व्यक्ति बनाये गये कंट्रोल रूम पर अपना सुझाव/शिकायत दर्ज करा सकता है। कार्यालय सं0खा0नि0 में बनाये गये कंट्रोल रूम में प्रातः 09:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक अभय कुमार एवं श्रीमती आरती देवी-9936655952, 0532-2615048 एवं अपरान्ह 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक श्रीमती सुकृति गुप्ता एवं रामलखन-9670652538 की ड्यूटी लगायी गयी है। जनपद वार कंट्रोल रूम का नम्बरः- जनपद प्रयागराज में प्रातः 09:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक धर्मेन्द्र कुमार-6387109234 एवं अपरान्ह 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक वीरेन्द्र कुमार पाल-8543876402 की ड्यूटी लगायी गयी है। इसी प्रकार जनपद कौशाम्बी में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक श्री अमित तिवारी-9161147325 की ड्यूटी लगायी गयी है। जनपद फतेहपुर में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक राम दयाल तिवारी-8896527628 एवं शशांक कुमार-9450259929 की ड्यूटी लगायी गयी है। जनपद प्रतापगढ़ में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक श्री अभिषेक पाल एवं श्री अखिल कुमार शर्मा-6392773243 की ड्यूटी लगायी गयी है। बैठक में आरएमओ भीम चंद्र गौतम ने बताया कि इस वर्ष मण्डल का धान क्रय का कुल लक्ष्य 528000.00 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मण्डल में कुल 325 धान क्रय केन्द्र बनाये गये है। कुल 6 धान क्रय एजेंसियां है, जिसमें खाद्य विभाग, पीसीएफ, यूपीएसएस, यूपीपीसीयू, मण्डी परिषद एवं भारतीय खाद्य निगम है। बैठक में सम्भागीय खाद्य नियंत्रक(आरएफसी)/पीडीए वीसी अरविंद सिंह चौहान के द्वारा धान क्रय केन्द्र की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपर आयुक्तगण, मण्डल के सभी अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति, उप निदेशक मण्डी सहित मण्डल के सभी जिलों के डिप्टी आरएमओं सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक बाबू लाल श्रीवास्तव के नाम से चौराहा पर लगेगी प्रतिमाः हरिप्रताप सिंह

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

**अखंड भारत संदेश**



मुख्य अतिथि सदर विधायक का स्वागत करते आयोजकगण।

**प्रतापगढ़।** भाई दूज के दिन नगर के जेल रोड स्थित भगवान चित्रगुप्त के मंदिर पर कलम दवात की पूजा और कायस्थ समाज के प्रतिभावान हाई स्कूल, इंटर मीडिएट, स्नातक और परास्नातक में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरहरपुर के कठपुतली के कलाकार शिव कुमार श्रीवास्तव द्वारा भगवान चित्रगुप्त के जीवन वृत्त कठपुतली के जरिए एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक ने जमकर तालियां बटोरी।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, अति विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य और भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव और श्याम सुंदर ताऊ, डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव और कमला श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव ने शिरकत किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस अवसर पर समाज में कायस्थ समाज की अहम भूमिका की चर्चा की और कायस्थ समाज के द्वारा जनसंघ से कायस्थ समाज के पहले विधायक स्व बाबूलाल श्रीवास्तव के नाम से किसी चैराहे पर उनकी प्रतिमा लगाकर उसका नाम बाबूलाल श्रीवास्तव चैराहा की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि जल्द ही उनके नाम से किसी चैराहा का नामकरण कर उनकी प्रतिमा लगवाई जायेगी, ताकि आने वाली पीढ़ियां प्रतापगढ़ में बाबूलाल के योगदान की स्मृतियों का जानते रहे। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कायस्थ समाज के इस कार्यक्रम की सराहना की।

उन्होंने कहा की प्रतिभा सम्मान से बच्चों का उत्साह बढ़ता है और वह सम्मान पाने के चाह में और मेहनत से पढाई करते है जिससे उन्हें बड़ी सफलता मिलती है। भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने समाज के नव निर्माण और उत्थान में अपना हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के एक जुटता पर चर्चा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार खरे और संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले बच्चों में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले उत्कर्ष कुमार खरे, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, विशाखा श्रीवास्तव स्वयं प्रकाश श्रीवास्तव, बीएड में साक्षी श्रीवास्तव, प्राची खरे, प्राची खरे, प्रिया श्रीवास्तव, तनु श्रीवास्तव, अर्पण खरे, विष्णु प्रकाश, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, ओम श्रीवास्तव, शाश्वत श्रीवास्तव और कठपुतली कलाकार शिव कुमार श्रीवास्तव आदि रहे। इस अवसर पर संजय कुमार खरे, संदीप खरे, डॉक्टर शंकर सहाय, शिव शंकर खरे, राजीव सक्सेना, अश्वनी श्रीवास्तव, विनय कुमार श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, उषा खरे, डॉक्टर अनिल खरे, सुनील श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सृजना साहित्यिक संस्था ने किया साहित्य विमर्श

## काव्य गोष्ठी का भी हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**




काव्य गोष्ठी में बोलते वरिष्ठ साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य ।

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सृजना कुटीर अजीत नगर में साहित्य विमर्श एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान परिदृश्य में हिंदी भाषा की आवश्यकता, महत्ता एवं उपयोगिता पर गहन विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ॰ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि हिंदी राष्ट्र की आत्मा की अभिव्यक्ति का माध्यम है यह महज एक सामान्य भाषा नहीं है। हम सभी को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देना चाहिए। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने कहा कि हिंदी जैसी सरल, सरस, सुबोध एवं बोधगम्य भाषा का कोई सानी नहीं है। कार्यक्रम में कुंजबिहारी काकाश्री, राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़, अनिल कुमार निलय आदि साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से हिंदी भाषा का गौरवगान प्रयुक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में हिंदी को यथाशीघ्र राष्ट्र भाषा बनाये जाने का नारा बुलंद किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।

# श्री कृष्ण व सुदामा प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता

## श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अखंड भारत संदेश**



असैनापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कहते शेषधर मिश्र।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** असैनापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवे दिन बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया। श्रीकृष्ण व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन कर श्रोता भावविभोर हो गए। कथा ब्यास शेषधर मिश्र जी महराज ने भगवान के सभी लीलाओं का वर्णन किया।

आचार्य शेषधार ने श्रीकृष्ण व सुदामा के मित्रता का विस्तार से व्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि, भगवान ने सुदामा के साथ मित्र धर्म निभाकर संसार को एक संदेश दिया की मित्र चाहे जैसा भी हो उसका सम्मान करना ही मित्र धर्म होता है ।कथा विराम के बाद मुख्य यजमान सुषमा शुक्ला व राज कुमार शुक्ल ने भागवत भगवान की आरती के बाद कथा व्यास का आशीर्वाद लिया। डॉक्टर मनीष शुक्ल ने कथा में आए सभी भक्तों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर आशा शुक्ला, मनोज शुक्ल, अरुण शुक्ल, अनिल शुक्ल, अरविंद कुमार पाण्डेय, संदीप शुक्ल, सुधीर, आकाश, मानवी, शिवांगी समेत सकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## कार-बाइक की भिड़ंत में घायल बाइक सवार की हुई मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सैफू का पुरवा गांव के सामने काली धाम के निकट बुधवार को कार व बाईक की आमने सामने भिड़न्त मे बाईक सवार अच्छेलाल पुत्र उधव राज यादव (30) वर्षीय निवासी संग्रामपुर थाना नवाबगंज गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे सीएचसी चिकित्सकों ने एसआरएन प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया था जंहा उपचार के दौरान अच्छेलाल की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।मृतक अच्छे लाल दो भाइयो मे सबसे बड़ा था जिसकी एक बहन भी है। मृतक का शव गुरुवार की देर शाम तक घर आने की संभावना जताई जा रही है।

# सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज के में मनाया गया बाल दिवस

## खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



बाल दिवस पर मौजूद मुख्य अतिथि रमेश त्रिपाठी।

**प्रतापगढ़।** बाल दिवस को केंद्रित करते हुए आज संत एंथोनी इंटर कॉलेज के प्रांगण में भव्य बाल दिवस मनाया गया जिसका शुभारंभ फादर आनंद के वी जॉन ने बड़े ही उत्साह और मनोरंजन के भाव में बच्चों को हंसाते हुए किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश त्रिपाठी ने बच्चों की खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सीटी बजाकर किया। जिसमें बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिता, गुब्बारा फुलाने की प्रतियोगिता, बिस्कुट खाने की प्रतियोगिता, अनेक प्रकार की नई और मनोरंजनकारी तथा उत्साहवर्धक प्रतियोगिताएं हुई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया और कक्षा 6 से लेकर 12 तक सभी विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य था। कार्यक्रम के अंत में फादर आनंद के वी जॉन ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चे ही इस देश का भविष्य है अगर बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छी परवरिश और उत्तम स्वास्थ्य दिया जाए तो निश्चित रूप से देश आगे चलकर के महान बनेगा और पुनः विश्व गुरु के पद को प्राप्त करेगा। इस दौरान विद्यालय के सम्मानित शिक्षक जॉन कुजूर, प्रसनजीत ऋषिकेश शुक्ला, सरवन कुमार, आशीष त्रिपाठी, राजेश दुबे, महेंद्र द्विवेदी, सुधाकर शुक्ला, नुसरत मैम, पूनम मेरी, अंजू पांडे, सुप्रिया त्रिपाठी, सीमा मिश्रा, रेखा मिश्रा, उदयभान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला अध्यक्ष रामदुलार सिंह के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष गांव सराय महेश निवासी रामदुलार सिंह का आज दोपहर निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे, उनके निधन खबर सुन कर पार्टी के कार्यकर्ता एवं सभी शुभचिंतक उनके निजी आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। जिला योजना समिति के सदस्य रामचरित्र वर्मा, नगर पंचायत पट्टी अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, पूर्व नगर पंचायत पट्टी अध्यक्ष खेदन लाल जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, पूर्व नगर पंचायत पट्टी अध्यक्ष जुग्गीलाल जायसवाल, सहित तमाम भाजपा के कार्यकताओं ने उनके निजी आवास पर पहुंचकर शोक जताया है। एक कर्मठ कार्यकर्ता तथा लोगों के बीच में मिलनसार छवि के कारण कई लोग उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट कर रहे हैं।

# कबड्डी तथा लम्बी कूद प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का चमका हुनर, हुए पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के विद्याधर गांव में बुधवार की शाम कबड्डी तथा लम्बी कूद प्रतियोगिता में रोमांचक खेल का प्रदर्शन देख ग्रामीण गदगद दिखे। गांव में सौहार्द को लेकर परम्परागत मेले के तहत आयोजन समिति द्वारा कबड्डी तथा पुरूष व महिला वर्ग के लम्बी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी में विभिन्न टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक दिखा। फाइनल में हाजीपुर की टीम ने समशेरगंज को शिकस्त देकर विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं लम्बी कूद प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रतापगढ़ के दिलशाद ने इक्कीस फिट छलांग लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया। बासूपुर के रोशन वर्मा को दूसरा तथा बाबागंज के संजीव यादव को तीसरा स्थान मिला। महिला वर्ग में अंजू को प्रथम तथा रीषू को द्वितीय तथा नंदिनी को तृतीय स्थान हासिल हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने सफल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। वहीं समिति के पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों को सफलता पर आकर्षक पुरस्कार के जरिए हौसला आफजाई की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष मिश्रा तथा संचालन दीपेन्द्र ओझा ने किया। निर्णायक मंडल में योगेश शुक्ल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, आशीष शुक्ल, दिनेश कुमार की भूमिका लोगों ने जमकर सराही। ग्राम प्रधान हुलासगढ़ रोहित मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश मिश्रा, सुशील सरोज विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर लालूपुर प्रधान, बृजेश सिंह, अश्वनी कुमार, बबलू वर्मा, अरविंद पांडेय, आशीष मिश्र, धर्मेश्वर मिश्र, श्याम मिश्रा, छोटू पांडेय, कामता प्रसाद मिश्र, बंशीधर मिश्र, रवीन्द्र मिश्र, सुधांषु ओझा, हिमांशू ओझा, अम्ब्रीश मिश्र, पुष्पेंद्र पांडेय आदि रहे।

# माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव में हुई कार्यशाला



कार्यशाला में बोलते अनिल कुमार निलय।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव में गणित क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की थीम मैथ्स-फोबिया टू फ्रेंड्स थी, जिसके अन्तर्गत क्लब के संचालक अनिल कुमार निलय द्वारा विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति स्वाभाविक फोबिया (डर) को समाप्त करने एवं अध्ययन को रूचिकर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के छोटे-छोटे खेल-खिलौने निर्मित करना सिखाया गया। विद्यार्थियों ने इस माध्यम से खेल-खेल में गणित की मूलभूत संकल्पनाओं को समझना सीखा। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में त्रिभुज, चतुर्भुज, वृत्त, त्रिकोणमितीय अनुपात, घन, घनाभ, बेलन, शंकु, गोला आदि से संबंधित खेल-खिलौने बनाने में दक्षता हासिल की। कार्यशाला में विद्यार्थियों को गणित किट का प्रयोग करने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया।

# नौ आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में क्रास केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में क्रास केस दर्ज किया है।

लालगंज के इटैला निवासी स्व. चन्द्रभान सिंह के पुत्र विजय बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह नवम्बर को नौ बजे सुबह गांव के विपक्षी तेजभान सिंह के पुत्र अवधेश सिंह तथा अवधेश के पुत्र अंकुर सिंह व भदारी कला के शिवप्रसाद का पुरवा निवासी बबलू तिवारी के पुत्र नितिन एवं नोती निवासी राजू के पुत्र अरूण तिवारी ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर विपक्षियों ने जानलेवा हमला कर लाठी डंडे से हमला कर दिया।

हमले में पीड़ित को गम्भीर चोटें आ गयीं। बीच बचाव को आए परिजनों को भी आरोपियों ने मारापीटा। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अवधेश समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास व धमकी समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के पूरे नोती निवासी बृजेश कुमार तिवारी के पुत्र आनन्द तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि विपक्षी गांव के ही हरिकेश व अखिलेश तथा कमलेश एवं विजय बहादुर तथा इटैला के विजय बहादुर सिंह के पुत्र मान सिंह ने रंजिश को लेकर एक राय होते हुए उसे लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़ित की चीख पुकार पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मानसिंह समेत पांच के खिलाफ बलवा समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इस बावत प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों का मुकदमा लिखा गया है। सत्यता के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# छठ पूजा के लिये बेल्हा देवी घाट पर हुई व्यापक सफाई



बेल्हा देवी घाट की सफाई करते सफाई कर्मी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार से शुरू होने वाले छठ पूजा के लिये आज दिन भर नगर पालिका द्वारा सई नदी के घाटों की सफाई व्यापक रुप से की गई। नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व ईओ राम अचल कुरील के निर्देशन पर आज 40 महिला व पुरुष सफाई कर्मियों ने घाटों की व्यापक सफाई की।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सफाई का कार्य शुक्रवार को पूर्वान्ह तक पूरा कर लिया जाएगा। बता दें कि 17 नवम्बर से 20 नवम्बर तक होने वाली छठ पूजा में महिलाएं ज्यादातर बेल्हा देवी घाट पर ही पूजा अर्चना करती हैं जिसके कारण नगर पालिका द्वारा यहां व्यापक सफाई की जा रही है। इसके अलावा नदी के किनारे के मलबों से नाव से हटाया गया।

## 15 छुट्टा पशु पकड़े गये

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने शहर के हादीहाल के पास से गुरुवार को 15 छुट्टा पशुओं को धर पकड़ा। बता दें कि शहर में लोग अपने पशुओं को प्रायः दिन भर के लिये छोड़ देते हैं जिनकी अब धरपकड़ शुरू कर दी गई है। पकडे.गये पशुओं में चार पशुपालक अपने पशुओं को छुड़ाने के लिये पहुंचे तो उन पर 500-500 रुपये जुमार्ना वसूलने के बाद उन्हें छोड़ा गया। शेष 11 पशु गोशाला भेज दिये गये। नगर पालिका ने बताया कि यह अभियान 30 नवम्बर तक नियमित चलेगा।

## आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने दलित की पिटाई को लेकर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज बाजार निवासी पुत्तु कनौजिया के पुत्र सुरेश कनौजिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गुरूवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे वह दरवाजे पर मौजूद था। इस बीच बाजार के ही लोखई वर्मा के पुत्र श्यामकरन वर्मा व जयकरन तथा गांव के संदीप वर्मा चार अज्ञात आरोपियों के साथ रंजिश को लेकर दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने मना किया तो आरोपियों ने जाति सूचक गालियां देते हुए धारदार हथियार से उसपर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। शोर शराबा सुनकर बाजार के लोग पहुंचे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद तथा चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा बलवा व मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज का कहना है केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब के खाते में दर्ज हुई करोड़ों की भूमि

## एसडीएम कोर्ट ने सुनाया फैसला, रायपुर तियाईं गांव का है मामला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** करोड़ों की भूमि पर दर्ज खातेदारों के नाम को निरस्त कर तालाब के खाते में भूमि को दर्ज करने का एसडीएम ने फैसला सुनाया।वहीं फैसले को सुनते ही खातेदारों में हड़कंप मच गया। स्थानीय तहसील में लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग स्थित रायपुर तियाईं में लगभग पांच बीघे भूमि पर कुछ वर्ष पहले कौशिल्यापुर के रानीगंज कैथौला निवासी गुलाब चंद्र केसरवानी ने शीत गृह का निर्माण कार्य शुरू करवाया था। उक्त भूमि को उच्च न्यायालय में तालाब की भूमि बताकर अधिवक्ता दीपेंद्र तिवारी ने शीत गृह के निर्माण कार्य पर रोक लगवा दिया था। मामले में तहसीलदार ने जांच भी की थी। एसडीएम न्यायालय ने तहसीलदार की 30 नवंबर 2017 की जांच आख्या को स्वीकार करते हुए उक्त भूमि पर दर्ज खातेदारों के नाम को निरस्त करते हुए तालाब के खाते में भूमि दर्ज करने का आदेश दिया है। उपजिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के बाद खातेदारों में हड़कंप मच गया। अधिवक्ता दीपेंद्र तिवारी ने एसडीएम के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह एक न्याय की जीत हुई है, जिससे आरक्षित भूमि को पुनः अपना स्वरूप मिला। गांव के लोगो ने अधिवक्ता के सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी।

# ग्यारह दो पहिया वाहन हुए नीलाम, तिरासी हजार से अधिक हुए वसूल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली में लावारिश वाहनों की गुरूवार को नीलामी को लेकर जुटी देखी गयी। एसपी सतपाल अंतिल के फरमान पर कोतवाली परिसर में दो पहिया वाहनों की नीलामी पर लोगों ने बढ़चढ़कर बोली भी लगायी। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित नीलामी प्रक्रिया की कार्रवाई को संपन्न कराते दिखे। नीलामी प्रक्रिया के तहत कोतवाली में लावारिश ग्यारह दो पहिया वाहनों की नीलामी हुई। इसके तहत सरकारी मद में तिरासी हजार आठ सौन अठानबे रूपए वसूल हुए। नीलामी प्रक्रिया के तहत वाहन के खरीदारों को रसीद तथा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बता दें अर्से से कोतवाली में लावारिश दो पहियों वाहनों के जमावड़े से परिसर में वाहनों के डंप होने से असुविधा भी हो रही थी। इसे देखते हुए प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने सीओ रामसूरत सोनकर के जरिए एसपी सतपाल अंतिल को नीलामी की अनुमति के लिए रिपोर्ट भेजवायी। एसपी की संस्तुति पर डीएम ने लालगंज एसडीएम को नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम लालधर यादव ने प्रक्रिया को मंजूर करते हुए तहसीलदार को नीलामी कराए जाने के लिए मजिस्ट्रेट नामित किया।

# सेंट जेवियर स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गुरुवार को पट्टी नगर स्थित सेंट जेवियर स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पट्टी नगर स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल संतोष जैकब द्वारा यह खेल महोत्सव आयोजित किया गया। गुरुवार को दोपहर के समय पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल के साथ पट्टी क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह पहुंचे दोनों अतिथियों को स्कूल के छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर्स का सम्मान देते हुए मंच तक ले आए। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि आज के समय में खेल जीवन का अंग बन चुका है सिर्फ शरीर स्वस्थ रखने और मानसिक विकास के लिए ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों का प्रदर्शन उन्हें एक नया मुकाम दे रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक सुनील सिंह जी सभासद गौरव श्रीवास्तव सभासद अतुल सिंह सभासद रजनीश मौर्य सभासद संतोष सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक ने अंग वस्त्रम के साथ नगर अध्यक्ष और क्षेत्राधिकार का सम्मान भी किया।

# डीएम ने दिये उद्यमियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश

## जिलाधिकारी ने की जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 1094 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 25 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है। श्रम विभाग के 01, खाद्य एवं औषधि विभाग के-01, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-08 एवं कृषि विभाग के-15 सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत 58 लक्ष्य के सापेक्ष 64 एम0वाई0एस0वाई0 योजना के तहत 67 लक्ष्य के सापेक्ष 46 तथा ओडी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत 21 लक्ष्य के सापेक्ष 23 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने एल0डी0एम0 को निर्देशित किया कि विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत ऋण आवेदनों को शीघ्र वितरण सुनिश्चित कराया जाय। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना का उद्देश्य-परम्परागत हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि, उन्नति टूल किट्स कोलेट्रल फ्री लोन, डिजिटल भुगतान एवं ब्राण्डिंग सपोर्ट करना है,जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक आवेदन कराने के निर्देश दिए, जिससें अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम गौसपुर टिकरी एवं भेलखा तथा तहसील सिराथू के अन्तर्गत ग्राम-सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में अवस्थित भूमि पर नये औद्योगिक आस्थान विकसित किये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए उपायुक्त उद्योग को शासन स्तर पर पैरवी कर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के तहत प्राप्त प्रकरण सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दिए इस अवसर पर रमेश अग्रहरि एवं अरविन्द केसरवानी सहित अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### भारी पुलिस फोर्स के साथ एएसपी ने गौतस्करों के घर पर मारा छापा



**टेडीमोड कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में पशुओं की तस्करी में लिप्त लोगों के घर पर 16 नवंबर को भारी पुलिस फोर्स के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ने छापा मारा है। अपर पुलिस अधीक्षक के साथ क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक थाना पैसा थाना अध्यक्ष सैनी थाना अध्यक्ष कड़ा धाम तथा कोखराज थाना की संपूर्ण पुलिस फोर्स ने छापा मारा है भारी पुलिस फोर्स कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम बरीपुर, सकाड़ा सिहोरी गांव पहुँची गांव में भारी फोर्स देखकर अफरा तफरी मच गई गांव में भारी फोर्स आने का कारण लोग एक दूसरे से पूछने लगे गौ तस्करी करने वाले अभियुक्तों के घर पुलिस फोर्स ने भौतिक सत्यापन किया व पूरे गांव में घूम फिर कर भ्रमण कर ग्राम वासियों को हिदायत मुनासीब पुलिस फोर्स द्वारा दी गई।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव ,परिजनों में मचा कोहराम



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के घुमाई रेलवे फाटक से कानपुर की ओर दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर अप लाइन में गुरुवार आज सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्रक्रिया में जुट गई। मृतक युवक की शिनाख्त रावेंद्र सिंह उर्फ गोल्डी उम्र 30 वर्ष पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर पोस्ट सांखा थाना मोहब्बत पुर पैंसा के रूप में हुई सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों के अनुसार युवक बीती शाम खाना खाकर घर से निकला था ,युवक अविवाहित था।ग्रामीणों के अनुसार युवक नशे का शौकीन था दुर्घटना स्थल पर तमाम लोग पहुंच गए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है परिजनों में कोहराम मचा है।

### मंझनपुर कस्बे में पुलिस फोर्स के साथ एसपी ने किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** जनपद में कानून, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस बल के साथ थाना मंझनपुर क्षेत्रांतर्गत कस्बा मंझनपुर मे बाजार व अन्य भीड़ भाड़ वाली जगहों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान सुगम यातायात हेतु ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। व्यापारियों से सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई व आमजनमानस व व्यापारियों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना मंझनपुर भी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने लोगों की सुनी फरियाद

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस कार्यालय पहुंचे अलग-अलग थानाक्षेत्रों के फरियादियों ने एसपी के समक्ष अपनी समस्याएं बताई। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर गंभीरता से सुना गया। तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये। इस दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी उन्होंने कहा कि फरियादियों को थाना स्तर पर न्याय दिया जाए।

# स्वतंत्र प्रेस के महत्व को उजागर करने के लिए हर वर्ष 16 नवंबर को मनाया जाता है राष्ट्रीय प्रेस दिवस

अखंड भारत संदेश




राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर कौशांबी के पत्रकारों ने बधाई दी है और राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व पर चर्चा की

**कौशाम्बी।** एक स्वतंत्र और स्वतंत्र प्रेस एक मजबूत लोकतंत्र के चार स्तंभों में से एक है। भारत में स्वतंत्र और स्वतंत्र प्रेस के महत्व को उजागर करने के लिए हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है । भारतीय प्रेस परिषद एक स्वतंत्र कार्य करने वाली संस्था है। भारत को लोकतंत्र बनाने में इसके योगदान का सम्मान करने के लिए भी प्रेस दिवस मनाया जाता है। जहां मीडिया एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के स्तंभों में से एक के रूप में कार्य करता है, वहीं विभिन्न मीडिया हाउस प्रिंट और प्रसारण में काम करने वाले पत्रकार दर्पण के रूप में कार्य करते हैं जिनकी रिपोर्ट और कहानियां समाज के विभिन्न पहलुओं को पूरी सच्चाई के साथ दशार्ती हैं। 16 नवंबर प्रेस की स्वतंत्रता, कर्तव्यों और नागरिकों के प्रति जिम्मेदारियों को दशार्ता है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर कौशांबी के पत्रकारों ने बधाई दी है और राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व पर चर्चा की है इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के पदाधिकारी समेत वरिष्ठ पत्रकार सुशील केसरवानी, गणेश साहू, सुबोध केसरवानी, राजू सक्सेना, शशि भूषण सिंह, सुशील मिश्रा, बबलू, विष्णु सोनी, अजीत कुशवाहा, अनिल कुमार, मदन केसरवानी, राकेश केसरवानी, राजकुमार, मनजीत सिंह यादव, रामबाबू केसरवानी, मुन्ना लाल यादव, मोनू पांडे, एनडी तिवारी, पवन मिश्रा, रजनीश कुमार, संतलाल मौर्य, धर्मेंद्र सोनकर, नथन पटेल, बृजेंद्र केसरवानी, फैज अहमद, महेंद्र मिश्रा, राकेश केसरी, नेता तिवारी, अरविंद मौर्या, राकेश दिवाकर, अमित त्रिपाठी, उत्तम मिश्रा, सियाराम एडवोकेट, अंकित गुप्ता एडवोकेट, शैलेंद्र मौर्य, आर्यवीर, सौरभ मिश्रा, रितेश जायसवाल, शाहनवाज आलम, सोनू वर्मा, मिश्री लाल, अनूप केसरवानी, श्री कान्त यादव, हीरा लाल कुशवाहा, अरुणेश मिश्रा, निरंजन पत्रकार सहित तमाम साथी मौजूद है। नवंबर 1954 में प्रथम प्रेस आयोग ने एक समिति या निकाय बनाने की कल्पना की जिसे पत्रकारिता की नैतिकता को नियंत्रण में रखने और इसे ठीक से बनाए रखने के लिए वैधानिक अधिकार प्राप्त हो। इसके अलावा, आयोग ने महसूस किया कि सभी प्रेस निकायों के साथ उचित संबंध बनाए रखने और प्रेस के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के लिए एक उचित प्रबंधन निकाय की आवश्यकता थी। इस प्रकार, दस साल बाद, नवंबर 1966 में, भारतीय मीडिया और प्रेस के उचित कामकाज की निगरानी करने और रिपोर्टिंग की गुणवत्ता की जांच करने के लिए न्यायमूर्ति जेआर मुधोलकर के तहत पीसीआई या भारतीय प्रेस आयोग का गठन किया गया था। पीसीआई का काम यह सुनिश्चित करना है कि प्रेस और मीडिया किसी भी प्रभाव या बाहरी कारकों से प्रभावित न हों। 4 जुलाई को भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के बाद 16 नवंबर से इसने कार्य करना शुरू कर दिया। संस्था की स्थापना के उपलक्ष्य में, इस दिन को भारत के राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाने के लिए, भारतीय प्रेस परिषद भारतीय प्रेस के सामने आने वाले कई मुद्दों को उठाने के लिए विभिन्न सेमिनारों और कार्यशालाओं का आयोजन करती है, साथ ही नागरिकों को विभिन्न मुद्दों पर शिक्षित करने का प्रयास करती है। सूचना का अधिकार आरटीआई अधिनियम विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना करते समय मीडिया की भूमिका और दृष्टिकोण, अपने मौलिक कर्तव्यों की धारणा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रेस का कर्तव्य जैसे विषयों पर सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं । नागरिक अधिक जागरूक हैं, और अंत में, संकट के समय में नागरिकों को उचित उपाय प्रदान करना।ऊपर उल्लिखित मुद्दों से निपटने के अलावा, इन कार्यशालाओं और सेमिनारों का उद्देश्य लोगों को एक या दो दिन के लिए लोकतांत्रिक राष्ट्र में स्वतंत्र और न्यायपूर्ण मीडिया के महत्व के बारे में शिक्षित करना भी है। इसके अतिरिक्त, यह दिन यह सुनिश्चित करने के लिए भी मनाया जाता है कि मीडिया को अपने उद्देश्य और जिम्मेदारी के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण हो।

## शौच करने गई किशोरी हुई गायब

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी दो दिन पहले साढ़े तीन बजे सुबह शौच करने के लिए घर से बाहर गई तभी गांव का ही वर्ग विशेष का युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गया। किशोरी के घर वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई तो परिजनों ने किशोरी की खोजबीन करना शुरू कर दिया। किशोरी के न मिलने पर किशोरी के पिता ने आरोपी के विरुद्ध पश्चिम शरीरा थाना में तहरीर दी तहरीर पाकर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि यदि साढ़े तीन बजे सुबह शौच करने के लिए जब किशोरी घर से बाहर गई तब किशोरी की मां किशोरी के साथ यदि गई होती तो शायद किशोरी को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार न हुआ होता।

## होटल के सामने से बाईक उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी** जिले के सराय अकिल थाना अंतर्गत सिक्सटी सिक्सटी होटल के सामने से बीती रात स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोर उठा ले गए। चोरी की घटना से पुलिस की गस्ती की पोल खुल गयी है।

# भारी पुलिस फोर्स के साथ गौ तस्करों के घर पहुंचे सीओ चायल

## क्षेत्राधिकारी ने कहा कि देश व समाज के लिए घृणित कार्य है गौतस्करी

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** सराय अकिल कोतवाली थाना क्षेत्र में पनारा गोपाल पुर गांव में गौतस्करों छोटका बड़का व छेददन के घर चायल क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण भारी पुलिस बल के साथ पहुचे और गौतस्करों के घर पर जाकर गौतस्करों अपराधियों की कड़ी चेतावनी दी उन्होंने कहा कि देश और समाज के लिए गौतस्करी घातक है और इस धंधे में लिप्त लोग अपनी आदत सुधार लें और गौतस्करी के धंधे को बंद कर दें। सराय अकिल कोतवाली के अतिरिक्त इंस्पेक्टर रामप्रवेश सिंह को चायल क्षेत्राधिकारी ने आदेश करते हुए कहा कि थाना परिसर पर अपराधियों का एक रजिस्टर बना कर गौतस्करों अपराधियों को व उनके परिजनों को सुबह-शाम थाना परिसर पर बुलाकर इनकी उपस्थिति रजिस्टर पर निगरानी रखी जाए व अपराधियों व परिजनों से सुबह शाम पूछताछ किया जाए। क्षेत्राधिकारी योगेन्द्र कृष्ण नारायण ने अपराधियों के परिजनों से अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि अपने घर परिवार व रिस्तेदारो कह दीजिए कि देश व समाज के लिए गौतस्करी घृणित कार्य करते हैं तो इनको समाज मे रहने का कोई अधिकार नहीं है चायल क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण ने अपराधियों के परिजनों से कहा कि अगर गौतस्कर क्षेत्र में अपराध करेंगे तो गैंग्स्टर व एनएसए के तहत कार्यवाही की जाएगी व आपराधिक कृत्य से बनाया हुआ प्रापर्टी व धन को कुर्क व जब्त कर लिया जाएगा ,शांति व सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर पनारा गोपालपुर घोसिया खोपा आदि गांव में पुलिस फोर्स द्वारा फ्लैग मार्च व पैदल गस्त किया जिसमें बेनी राम कटरा चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी दरोगा राधा मोहन त्रिवेदी कनैली चौकी प्रभारी संजय परिहार बेरूई चौकी इंचार्ज विकास मिश्रा भगवान पुर चौकी इंचार्ज नितेश त्रिपाठी तिल्हापुर चौकी प्रभारी अवध राज यादव पिपरी व चरवा इंस्पेक्टर संदीपन घाट इंस्पेक्टर हेड कांस्टेबल हेड कांस्टेबल अखिलेश सिंह अंकुर तिवारी रोहित आदि लोग मौजूद रहे।

# विभाग के चल रहे प्रशिक्षण की तिथि पर कराया जाय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम : सीडीओ

## मुख्य विकास अधिकारी ने की नमामि गंगे ईओएफसी योजना यूपीडास्प, जैविक खेती योजना की प्रबन्ध समिति की बैठक



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में नमामि गंगे ईओएफसी योजना, यूपीडास्प, जैविक खेती योजना की प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में क्रियान्वित की जा रही जैविक खेती के प्रथम चरण वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक सम्पन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने पर जिला परियोजना,समन्वयक डॉ0 अखिलेश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण समाप्त हो चुका है, 1260 हेक्टेयर लक्ष्य के अनुरूप 2508 कृषकों के 63 क्लस्टर गठित कर गतिविधियाँ सम्पन्न करायी गयी है तथा योजना में चयनित कृषकों को पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण वर्ष 2023-24 से प्रारम्भ है कार्ययोजना/ बजट विलम्ब से प्राप्त होने के कारण द्वितीय चरण के प्रथम वर्ष में खरीफ सीजन की जैविक खेती का कार्य नहीं हो सका है, रवी सीजन की जैविक खेती से सम्बन्धित गतिविधियों करायी जा रही है, जिसमें कृषकों का चयन कर पारदर्शी पोर्टल पर फीडिंग के साथ ही कृषकों का पीजीएस पोर्टल से प्रमाणीकर+ण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्यदायी संस्था राम साल्वेन्ट एक्स.प्रा. लि., उत्तराखण्ड द्वारा अपना स्वंय का कार्यालय स्थापित करते हुए ब्लॉक स्तरीय एलआरपी (मैन पावर) को नियुक्त कर लिया गया है। कृषकों द्वारा मेड़बन्दी तथा जैविक खेती निवेश इकाई का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। इस वर्ष जैविक एरिया तथा किये गये कार्य के अनुसार भुगतान किया जाना प्रस्तावित है। सीडीओ ने समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषि विभाग के चल रहे प्रशिक्षण की तिथि पर कराया जाय इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी एवं जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**कौशांबी।** सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई है कौशाम्बी थाना क्षेत्र के हजियापुर गांव निवासी जगतपाल गोस्वामी पुत्र खुदी लाल गोस्वामी बुधवार के दिन सुबह घर से निकलकर साइकिल से सरकारी गल्ला की दुकान में राशन लेने जा रहे थे तभी हजियापुर मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से जगतपाल घायल होकर रोड पर गिरकर तड़पने लगा आस पास रहे लोग मौके पर पहुँचे और बाइक सवार को देखा तो बाइक सवार मौके से फरार हो गया था घायल जगतपाल को इलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में भेज दिया और स्थानीय पुलिस को सूचना देने पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी लेकिन बाइक सवार मौके से फरार हो गया उधर जगतपाल की हालत नाजुक देखते ही डॉक्टर ने सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया लगभग 11:00 बजे के आसपास प्रयागराज ले जाते समय जगतपाल की मृत्यु हो गई जैसे ही इसकी सूचना घर वालों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया वापस लौटकर कौशांबी थाना में सूचना दिया गया तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस ने बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# सेना में तैनात जवान की पत्नी बेटे को दबंगों ने पीटा

चौकी इंचार्ज दे रहे हैं दबंगो को बल एसडीएम के रोक के बाद सेना के जवान की जमीन पर खड़ा हुआ पिलर

**कौशाम्बी।** सेना के जवानों के परिवार और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार ने डीएम एसपी को निर्देशित किया है लेकिन सेना के जवान के परिवार के लोग भी सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रहे हैं सेना के जवानों की फरियाद सुनने के लिए प्रत्येक महीने मीटिंग भी कराए जाने का निर्देश केंद्र सरकार ने जिला अधिकारी को दिया है लेकिन उसके बाद जिले के थाना पुलिस चौकी सुधारने का नाम नहीं ले रही है जिससे सेना के जवानों के परिवारों का उत्पीड़न बंद होता नहीं दिखाई पड़ रहा है ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी भरवारी का है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के फरीदपुर टप्पा मालक भरवारी निवासी राजेंद्र कुमार भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर इन दिनों जबलपुर मध्य प्रदेश में तैनात है उनकी पुष्तैनी जमीन उनके घर के सामने पड़ी हुई है 11 नवंबर को सेना के जवान की पत्नी और बेटी घर पर थी इसी बीच गांव के रामबाबू सोनकर अपने बेटों के साथ कुल्हाड़ी लाठी डंडा तमंचा लेकर उनके घर पर पहुंच गए उनके सहन की जमीन पर पिलर का निर्माण करने के लिए गड्ढा खोदने लगे सेना के जवान की पत्नी ने पिलर खोदने का विरोध किया जिस पर उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता शुरू हो गई हो हो हल्ला सुनकर उनका बेटा देवेंद्र भी मौके पर पहुंच गया दबंगों ने सेना के जवान की पत्नी और उसके बेटे देवेंद्र को बेरहमी से पीटा जिससे दोनों को चोट आई है मामले की सूचना महिला ने चौकी पुलिस भरवारी को दिया लेकिन पाच दिन बीत जाने के बाद भी दबंग के विरुद्ध चौकी पुलिस ने मुकदमा नही दर्ज किया है फरियाद लेकर सेना के जवान की पत्नी एसडीएम चायल के पास पहुंची उन्होंने पिलर निर्माण पर रोक लगा दी लेकिन चौकी पुलिस ने एसडीएम के आदेश को नहीं माना उनके आदेश पर कार्यवाही नहीं हुई और पिलर का निर्माण हो गया सेना के जवान को जब मामले के संपूर्ण जानकारी हुई तो वह वापस गांव लौटा और मामले की फरियाद पुलिस अधीक्षक से की है अब सवाल उठता है कि जो देश की सेवा में लगे हैं उनके परिवारों के साथ हो रहे अत्याचार अन्याय के मामले को चौकी पुलिस गंभीरता से लेकर दबंगों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी नहीं कर रही है इससे चौकी पुलिस की सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# नकली सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री का केंद्र बिंदु बना भरवारी

अखंड भारत संदेश

महिलाओं का बिगड़ सकता है चेहरा नकली समान की जांच कराए जाने की मांग, गरीब घर की महिलाओं के साथ-साथ अफसर और अमीरों की बीवियां भी खरीद रही हैं नकली सामान



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में इस वक्त महिलाओं के सौन्दर्य प्रसाधन का नकली सामान दिल्ली से लाकर भरवारी सहित जनपद कौशांबी के बिभिन बाजारों में खुलेआम बेचा जा रहा है जो लोगों के शरीर के लिए बेहद नुकसानदायक है लेकिन कस्बे के कुछ चर्चित लोग नकली सामान के बेचने में धंधे में बीते कई वर्षों से लगे हैं कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलंद है नकली सामान बेचने वाले लोगों के नाम सार्वजनिक है लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हो सकी है चिकित्सकों का मानना है कि नकली सौंदर्य प्रसाधन सामग्री से महिलाओं का चेहरा आंख हाथ तथा शरीर में नुकसान की प्रबल संभावनाएं हैं आए दिन शिकायतें आती हैं। दिल्ली की बाजार से नकली सौंदर्य प्रसाधन सामग्री भरवारी कस्बे में लाकर नकली डुप्लीकेट समान बहुत ही तेज गति से बाजारों में बेचा जा रहा हैं नकली सामान की बिक्री में लगे लोग भरवारी के साथ-साथ जिले के अन्य बाजारों में भी कॉस्मेटिक की दुकानों में नकली समान पहुँचा कर जहां मालामाल हो रहे हैं वहीं विभिन्न बाजार के कॉस्मेटिक के दुकानदार भी नकली सामान जानते हुए भी खरीद कर महिलाओं को बेच रहे हैं विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के रैपर लगे यह समान डुप्लीकेट होते हैं जिसे पहली नजर में ग्राहक पहचान नहीं पाते हैं और ठगी के शिकार होते हैं। मासूम वा सीधी सादी महिलाओं को गुमराह कर दुकान दार नकली सौंदर्य प्रसाधन सामानों की बिक्री धड़ल्ले से कर मालामॉल हो रहे है जानकारों का मानना है कि नकली समान चेहरे आंख नाक हाथ एवम शरीर पर लगाने से काफी हानि कारक होता है लेकिन नकली सामान के बिक्री में लगे दुकानदार सीधी साधी महिलाओं के हाथ नकली सामान बेचकर उन्हें ठगी करने में बेखबर तरीके से मशहूर हैं ऐसा नहीं है कि गरीब घर के लोग नकली सामान के झांसे में फस रहे हैं अमीर और अफसर की बीवियां भी नकली सामान को असली मान कर खरीद रही है नकली सामान बेचने वालों के दुकानों की जांच कराए जाने उन्हें बेनकाब कराए जाने की मांग नगर की महिलाओं ने की है जिससे डुप्लीकेट नकली सामान बेचने वाले लोगों को दंड मिल सके और ग्राहकों को ब्रांडेड कंपनियों की असली सामान मिल सके।

# भगत के वश में है भगवान : नंद जी महराज

## सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष भक्त भागवत कथा पंडाल में पहुंचकर भक्ति मय प्रवचन गीत संगीत के माध्यम से सुनकर सरोबोर हो रहे हैं

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 4 में आयोजित श्री मद भागवत कथा के तृतीय दिवस में आचार्य नंद जी महराज ने भगवान और भक्त के विषय में विस्तार से चर्चा की है उन्होंने कहा कि भक्त के वश में भगवान होते हैं श्री मद भागवत कथा के दौरान उपस्थित भीड़ को समझाते हुए आचार्य ने बताया कि बिठूर के यहां बिदुरानी के हाथ से केले के छिलके खाकर उनका मन रखा भागवत कथा का वर्णन करते हुए आचार्य ने ध्रुव चरित्र के बारे में विस्तार से वर्णन किया उन्होंने महाभारत के प्रसंग की चर्चा करते हुए बताया कि दुर्योधन के छप्पन प्रकार के भोजन को त्यागकर भक्त विदुर के यहां रूखा सूखा खाकर भगवान श्री कृष्ण ने भक्त का भाव रखा और केले का छिलका खाया कथा श्रवण के लिए मुख्य यजमान उदय वीरसिंह ने बेहतर व्यवस्था कर रखी है जहां सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष भक्त भागवत कथा पंडाल में पहुंचकर भक्ति मय प्रवचन गीत संगीत के माध्यम से सुनकर सरोबोर हो रहे हैं।



# डीएम ने की जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक

ई0ओ0 को नगर निकाय में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ई0ओ0 को अपने-अपने निकायों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने सभी ई0ओ0 का निर्देशित किया कि पशु चिकित्साधिकारी से समन्वय कर आवारा घूम रहें गोवंशों को पकडवाकर गौशालाओं में संरक्षित कराया जाय, कोई भी गोवंश आवारा घूमते हुए पाया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। बैठक में सिराथू में रामलीला मैदान की निर्माणधीन चहारदीवारी का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के प्रकरण पर अधिशासी अभियंता, लो0नि0वि0 ने बताया कि भूमि विवाद की समस्या आ रहीं है, जिसके कारण निर्माण कार्य अवरूद्ध है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी के साथ बैठक कराकर समस्या का निस्तारण कराते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। बैठक में जिला व्यापार मण्डल द्वारा मण्डी परिसर की बाउण्ड्रीवाल को ठीक कराये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने सचिव मण्डी को बाउण्ड्रीवॉल बनाये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। बैठक में प्रयाग ग्रीन एनर्जी,कोर्रो मंझनपुर के फर्म स्वामी संदीप कुमार केशरवानी के कृषि अवशिष्ट प्रबन्धन से जुडा व्यापार (उपक्रम), जो मंझनपुर-सिराथू मुख्य मार्ग से 200 मीटर अन्दर कच्ची सड़क पर स्थित है, वहॉ तक पक्की सड़क बनाये जाने के प्रकरण पर ई0ओ0 ने बताया कि टेंडर किया जा चुका है। व्यापार मण्डल, सिराथू द्वारा नगर पंचायत सिराथू में खेल का मैदान बनाये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने ई0ओ0 को भूमि चिन्हित कर खेल का मैदान बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ई0ओ0 सिराथू को सिराथू बाजार में मंझनपुर रोड पर सरकारी गेस्ट हाउस के बाहर बनकर तैयार शेष 04 दुकानों को भी नियमानुसार शीघ्र ही आवंटित कराने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि ई0ओ0 द्वारा उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के साथ व्यापारियों की बैठक प्रत्येक माह नहीं करायी जा रहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए प्रत्येक माह बैठक कराकर स्थानीय समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें।

## संपादक की कलम से

# नरेन्द्र मोदी हैं भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के पुरोधा

प्रधानमंत्री संस्कृतिपुरुष श्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के पुरोधा युगपुरुष बनकर न केवल संस्कृति का संरक्षण किया बल्कि उसके पुनर्जागरण के अभूतपूर्व एवं विलक्षण उपक्रम करके एक बार फिर भारत की संस्कृति को जीवंतता, हिमालयी ऊंचाई एवं समुद्र-सी गहराई प्रदान की है। प्राचीन काल से ही भारत दुनिया में अध्यात्म, कला, विज्ञान और तकनीक से जुड़े ज्ञान का केंद्र माना जाता रहा है। बीच में एक दौर ऐसा भी आया जब विदेशी शासकों और औपनिवेशिक युग ने कई भारत की गौरवशाली संस्कृति एवं समृद्ध विरासत को भारी नुकसान पहुंचाया कि उन्हें आज तक फिर जिंदा नहीं किया जा सका। आजादी के बाद भी इस तरह की स्थितियों का बना रहना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव एवं अगले वर्ष के प्रारंभ में होने वाले लोकसभा चुनाव में भारत की संस्कृति, गौरवमय विरासत एवं समृद्ध इतिहास जैसे शाश्वत मुद्दें पर जनजागरण का माहौल बनाया जाना चाहिए।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ह्यविकास भी विरासत भीह्ल के नारे के तहत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के विलक्षण प्रयास किये हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के कार्य को अत्यधिक महत्व दिया है। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का जीर्णोद्धार और उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के निर्माण ने हमारे प्राचीन इतिहास के अहम पहलुओं को फिर से उजागर किया है। इसके साथ ही, चोरी और लूट के जरिए विदेश पहुंचीं कलाकृतियों और मूर्तियों का लौटना भारतीय विरासत के लिए गर्व का क्षण है, जो विभिन्न देशों की ओर से खेद जताने का प्रतीक भी है। ऐसे महत्वपूर्ण काम हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के स्थायी साक्ष्य के रूप में देश की स्मृति में अंकित हो रहे हैं। सांस्कृतिक वैभव को आजादी के अमृतकाल में अमृत-छटा प्रदान करने के कार्य नये भारत-सशक्त भारत के प्रतीक बन रहे हैं।

अपने प्रभावी एवं सफल दूसरे शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को देश की एकता के साथ जोड़ने का काम किया है। धर्म के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के जरिये उन्होंने कई ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जो बेहतर अवसरों के साथ भारत को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। योग दिवस हो, अहिंसा दिवस हो, जी-20 की अध्यक्षता हो या इंटरनैशनल इयर ऑफ मिलेट्स प्रोग्राम जैसे ऐतिहासिक एवं अनूठे उपक्रमों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ऐसे नेता साबित हुए हैं, जो अपनी सांस्कृतिक जड़ों से मजबूती से जुड़े हुए हैं और संस्कृति को मजबूती देते हुए उसे नये आयाम दे रहे हैं। उनकी हर साल केदारनाथ यात्रा, सैनिकों के साथ दिवाली मनाना, बोहरा समुदाय के साथ विभिन्न धर्म-सम्प्रदाय के नेताओं के साथ आत्मीय नाता भारत के विविध सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उपक्रमों को ही दशार्ते हैं। सामाजिक एवं साम्प्रदायिक विभाजन और दुष्प्रचार के बीच, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद, राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ उनकी अटूट जंग भारत को अभिजात्य प्रभुत्व से मुक्त कराने में अहम है। आज भारत इक्कीसवीं सदी की सबसे जागृत अवस्था में है। राष्ट्र की इस दिव्यता के पीछे जो प्रचुर आस्था है, उसे बस राजनीतिक इच्छाशक्ति के रूप में देखना सतही होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड गवर्नंस के हर पहलू में बेहतर प्रदर्शन किया है और भारत को आध्यात्मिकता, तकनीक, संस्कृति, विज्ञान और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी लोकतंत्र बनाया है। सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटों की शहादत को ह्यवीर बाल दिवसह्ल के रूप में मनाए जाने का मोदी का ऐलान भी बहुप्रतीक्षित और ऐतिहासिक कदम रहा। संसद की नई इमारत के निर्माण और इसकी शुरूआत ने भी भारत के स्वर्ण युग की यादें ताजा कर दी हैं।

कई दशकों की उपेक्षा के बाद, भारत के लंबे सभ्यतागत इतिहास वाले विभिन्न संस्कृति एवं धर्म स्थलों को संरक्षण, पुनरुद्धार और विकास परियोजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और वाराणसी में कई अन्य परियोजनाओं ने शहर की गलियों, घाटों और मंदिर परिसरों को बदल दिया है। इसी तरह, उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना और गुवाहाटी में मां कामाख्या कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से मंदिर आने वाले तीर्थयात्रियों के अनुभव को समृद्ध करने, उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक ऐतिहासिक क्षण में, अगस्त 2020 में अयोध्या में राम मंदिर का राष्ट्र मन्दिर के रूप में भूमि पूजन हुआ और अब भव्य मंदिर वर्ष 2024 के प्रारंभ में बनकर तैयार हो जायेगा।

भारतीय संस्कृति का केंद्र हिंदू धर्म है, जो सिर्फ एक धर्म नहीं बल्कि एक व्यापक जीवन शैली है। भारतीय संस्कृति का लोकाचार हिंदू धर्म के सिद्धांतों और इसके सह-अस्तित्व और वसुधैव कुटुंबकम के मूल दर्शन के साथ जुड़ा हुआ है। हिंदू धर्म ने वह आधार प्रदान किया है जिस पर समय के साथ विभिन्न उप-संस्कृतियाँ उभरीं और विकसित हुईं, जिन्होंने भारतीय सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध छवि में योगदान दिया। पूरे इतिहास में, भारत की संस्कृति को आक्रमणकारियों और उपनिवेशवादियों से चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिनका उद्देश्य इसके सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट करना था। इस्लामी आक्रमणकारियों ने मंदिरों को निशाना बनाया, जो न केवल पूजा स्थल थे बल्कि शिक्षा, कला, नृत्य, संगीत और संस्कृति के केंद्र भी थे। इन चुनौतियों के बावजूद, भारत की सांस्कृतिक लचीलापन समय की कसौटी पर खरी उतरी है। धर्म के प्रति समग्र दृष्टिकोण में बड़े और स्पष्ट बदलाव होते हम देख रहे हैं। भू-राजनीति से लेकर हमारी विदेश नीति तक, ह्यभारतीय बोधह्ल के एकीकरण और ह्यहमह्ल पर जोर ने भारत को देखने वाले दुनिया के नजरिये पर जबर्दस्त प्रभाव डाला है।

प्रधानमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें सोमनाथ प्रोमेनेड, सोमनाथ प्रदर्शनी केंद्र और पुराने (जूना) सोमनाथ के पुनर्निर्मित मंदिर परिसर शामिल हैं। इसी तरह, करतारपुर कॉरिडोर और एकीकृत चौक पोस्ट का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे श्रद्धालुओं के लिए पाकिस्तान में पवित्र गुरुद्वारा करतारपुर साहिब में माथा टेकना आसान हो गया। हिमालयी और बौद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना भी सरकार के प्रयासों में विशेष रूप से शामिल है। स्वदेश दर्शन योजना के हिस्से के रूप में, सरकार ने भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ने वाले विषयगत सर्किट विकसित करने के उद्देश्य से 76 परियोजनाएं शुरू की हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ आध्यात्मिक और वैज्ञानिक नेता ही नहीं हैं, वह महिला अधिकारों के कट्टर समर्थक भी हैं, जिसका बड़ा उदाहरण तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ उनका रुख है। लिंग समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मोदी के इस कथन से ही साबित होती है- ह्यभारत मजबूत है, क्योंकि इसकी बेटियां मजबूत हैं ह्ल हाल ही में उन्होंने विशेष संसदीय सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित कर राजनीति में महिलाओं की सम्मानजनक सहभागिता को सुनिश्चित किया है। भारत को जल्द ह्यअखंड भारतह्ल बनाने के मिशन में उनके अंदर सेल्फ-मेड लीडर की झलक दिखती है।

# असहिष्णुता की ही निष्पत्ति है युद्ध एवं आतंकवाद

**अरविंद जयतिलक**

भारत और अमेरिका के बीच संपन्न ह्यटू प्लस टूह्ल वार्ता ने दोनों देशों के प्रगाढ़ होते रिश्ते को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। दोनों देशों ने ह्यटू प्लस टूह्ल वार्ता के तहत कई अहम समझौते को आयाम दिए हैं जो दोनों देशों की सामरिक रणनीति को धार देने वाली है। दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों ने डिफेंस प्रोडक्शन, इस्त्राइल-हमास जंग और हिंद प्रशांत महासागर में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप को लेकर रणनीति बुनी है। दोनों देशों ने बख्तरबंद गाडियों का मिलकर प्रोडक्शन करने पर सहमति जताई है जिसका नाम स्ट्राइकर होगा। भारत को अमेरिका से 31 प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी मिलने पर भी बात आगे बढ़ी है। प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी के जरिए हिंद महासागर में निगरानी तंत्र को मजबूत किया जा सकेगा। चूंकि हिंद महासागर क्षेत्र से भारत को उर्जा जरुरतों और व्यवसायिक सामानों का आयात-निर्यात होता है ऐसे में निगरानी के लिए प्रिडेटर ड्रोन कवच का काम करेगा। गौर करें तो इस इलाके में तकरीबन 12 हजार जहाजों की मौजूदगी लगातार बनी रहती है। चीन का 80 फीसदी व्यापार इसी रुट के जरिए मलक्का स्टेज्ट से होकर गुजरता है। चूंकि भारत को अमेरिका से मिलने जा रहा प्रिडेटर ड्रोन एमक्यू-9बी मिसाइल से लैस होगा ऐसे में इस इलाके में चीन की बढ़ती हिमाकत का जवाब दिया जा सकेगा। ह्यटू प्लस टूह्ल वार्ता के दौरान भारत ने अमेरिका से कनाडा में अलगाववादी समर्थक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर भी चिंता जतायी है। इसके अलावा दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की हामी के साथ पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है कि मुंबई हमले के दोषियों को न्याय के दायरे में लाया जाए। दोनों देशों ने अफगानिस्तान में शासन कर रहे तालिबान से मानवाधिकार का सम्मान करने की भी अपील की है। उल्लेखनीय है कि ह्यटू प्लस टूह्ल डायलॉग भारत अमेरिका जैसे देशों के बीच उच्च स्तरीय बातचीत का एक मंच है जिसमें एकदूसरे देशों के रक्षा और विदेशमंत्री अथवा सचिव शामिल होते हैं। पहली ह्यटू प्लस टूह्ल वार्ता 2018 में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दौरान हुई। तब दोनों देशों ने कम्युनिकेशंस कॉम्पैटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट (कॉमकासा) पर अपनी सहमति जतायी। इस समझौते ने भारत के लिए भी अमेरिका की तरफ से उसके सहयोगी देशों को रक्षा तकनीकी देने और आपातकालीन स्थिति में उन्हें मदद देने का रास्ता खोल दिया है। अब भारत पहला गैर नाटो देश होगा जो अमेरिकी मदद से संवेदनशील सुरक्षा तकनीक से लैस होगा। गौर करें तो विगत एक दशक में भारत और अमेरिका के बीच सामरिक साझेदारी को नया पंख लगा है। अमेरिकी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड टंज्प के समय दोनों देशों के बीच रक्षा-सुरक्षा संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए तीन अरब डॉलर रक्षा सौदे का एलान हुआ। इसके तहत भारत अमेरिका से एडवांस मिलिट्री इक्विपमेंट सिस्टम के साथ 6 एएच 64ई अपाचे और 23 एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीदेगा। इससे भारतीय वायुबेड़ा को बेहद मजबूती मिलेगी। अमेरिका दुनिया के सबसे अत्याधुनिक और उच्चकोटि के हथियारों जिसमें एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और रॉकेट और नौसैनिक जहाज शामिल हैं, को भी भारत को देने को तैयार है। ये दोनो हेलीकॉप्टर हर तरह के मौसम में दिन



के किसी भी समय हमला करने में निपुण हैं। चैथी पीढ़ी वाला यह हेलीकॉप्टर छिपी हुई पनडुब्बियों को आसानी से निशाना बना सकता है। इस हेलीकॉप्टर के जरिए भारत को अब अपने समुद्री इलाके को शत्रु मुक्त करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी नेवी के बेड़े में शामिल एमएच-60 रोमियो सी-हॉक हेलीकॉप्टर की गणना दुनिया के सबसे अत्याधुनिक हथियारों में होती है। अमेरिका भारत को 13 एमके-45 नौसैनिक तोप बेचने का भी एलान कर चुका है। अमेरिका भारत को इसका अपग्रेडेड वर्जन सौंपेगा। यह तोप युद्धपोतों से सतह और हवाई हमले करने में सक्षम है। अमेरिका भारतीय सैनिकों को इन तोपों को चलाने का प्रशिक्षण भी देगा। इन तोपों के मिलने से भारतीय नौसेना की समुद्री ऑपरेशनों की क्षमता बढ़ेगी। अभी गत माह पहले ही अमेरिका की कंपनी जीईएयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच फाइटर प्लेन के एफ-414 इंजन बनाने का समझौता हुआ। इस समझौते के तहत दोनों देशों की कंपनियां भारत में फाइटर प्लेन का इंजन बनाएंगी। भारत अभी तक एरो-इंजन बनाने में सफलता हासिल नहीं किया है। भारत अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के साथ अर्टेमिस संधि में भी शामिल होने का फैसला ले चुका है। इस संधि के तहत नासा और भारत की स्पेस एजेंसी इसरो 2024 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए साथ मिशन भेजने पर सहमत हुए हैं। नासा अर्टेमिस मिशन के तहत 2025 तक चांद पर इंसान को दोबारा भेजने की कोशिश में है। गौर करें तो अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शुन्य था वह आज 2023 में बढ़कर 20 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2025 तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। आज अमेरिका भारत के साथ मिलिट्री टू मिलिट्री संबंध व सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। इसका प्रमुख कारण उसके द्वारा दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन स्थापित करना है। एफ-16 बनाने वाली अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने भी भारत में अपने नए रोल आउट एफ-21 का निर्माण करने की पेशकश की है। उसने भारत से स्वीकारोक्ति चाही है कि अगर वह 114 विमानों की खरीद का आश्वासन देता है तो वह किसी अन्य देश को न तो विमान बेचेगा और न ही उसकी तकनीकी देगा। अगर यह सौदा परवान चढ़ता है तो यह दुनिया का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होगा। इस सौदे पर भारत को तकरीबन 15 अरब डॉलर खर्च करने होंगे। इस सौदे से जुड़े सैन्य उत्पादों का तकरीबन 85 प्रतिशत हिस्सा भारत में तैयार होगा। इससे भारतीय नागरिकों को रोजगार का अवसर उपलब्ध होगा। दोनों देशों के बीच लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट सप्लाई एग्रीमेंट (एलईएमओ) पर भी आगे बढ़ने का संकेत दिया जा चुका है। यह समझौता एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के युद्धपोत और फाइटर एयरक्राफ्ट एक दूसरे के सैनिक अड्डों का इस्तेमाल तेल भराने एवं अन्य साजो-सामान की आपूर्ति कर सकेंगे। इस समझौते को लेकर चीन ने नाराजगी जाहिर की थी और कहा था कि अमेरिका भारत के साथ मिलकर उसकी घेराबंदी कर रहा है। गौर करें तो चीन की बेचैनी यों ही नहीं है। दरअसल उसे डर है कि भारत और अमेरिका मिलकर दक्षिणी चीन सागर में उसकी दादागिरी पर नकेल कस सकते हैं। याद होगा कि चीन को तब भी असहज होना पड़ा था जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के सतत प्रयास से भारत को मिसाइल टेक्नोलाजी कंट्रोल रिजीम (एमटीसीआर) में शामिल किया गया। एमटीसीआर में शामिल होने के बाद अब भारत दूसरे देशों को अपनी मिसाइल टेक्नोलॉजी बेच सकता है। गौर करें तो किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति को प्रभावित करना या अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। वह भी तब जब अमेरिका जैसे ताकतवर देश की विदेश नीति को प्रभावित करनी हो। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कमाल कर दिखाया है। उन्होंने दशकों पुराने अमेरिका की भारत नीति को बदलकर रख दिया। आज उसी का परिणाम है कि अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने भारत के साथ रक्षा संबंध विकासित करने और रक्षा उपकरणों की बिक्री तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के मामले में द्विदलीय समर्थन वाले बिल को मंजूरी दी।

# जस्टिस मिश्रा चाहते हैं पृथ्वी पर यातना से मुक्ति

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

जीवन सार्वभौमिक रूप से वरदान है. बस जीना आ जाए, और दूसरों के जीने के लिए हमें सहयोग भर करना आ जाए. दुनिया में यही नहीं हो रहा है, और शायद ऐसा लगता है कि हमारे देश में ही नहीं वरन पूरी दुनिया में इसके लिए मानवतावादी लोग पहल भी कर रहे हैं. कोपेनहेगन में जब भारत के राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि हम पर न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भी दायित्व है कि वे यातना को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं, इसे दुनिया के लोगों ने सराहा. दरअसल, भारत वर्तमान के साथ भविष्योन्मुखी सोच का धनी है. न्यायमूर्ति मिश्रा ने जब आने वाली पीढ़ियों के यातनापूर्ण जीवन पर विराम लगाने की बात की तो इससे एक नया सन्देश गया कोपेनहेगन में भारत की और से कि हम वर्तमान में भले ही संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन यदि हमारी आने वाली पीढियां भी इसी क्रूरता का सामना करेंगी तो हमें वे कोसेंगी. इसलिए हमें भविष्योन्मुखी होने की आज आवश्यकता ज्यादा है.

पूरी दुनिया जानती है कि यातना प्रथा को खत्म करने के राज्य और एनएचआरआई विशिष्ट जनादेश और जिम्मेदारियों को निभाते हैं और अत्याचार व अन्य क्रूर अमानवीय या अपमानजनक उपचार या सजा-ओपीसीएटी के खिलाफ कन्वेंशन के वैकल्पिक प्रोटोकॉल के तहत राष्ट्रीय निवारक तंत्र-एनपीएम के रूप में कार्य करते हैं. यह तंत्र जांच, निगरानी, ??रिपोर्टिंग और सलाह देने के साथ-साथ मानवाधिकार शिक्षा और जागरूकता के लिए भरपूर कार्य करते हैं. लेकिन दुनिया के बच्चों, महिलाओं, वृद्ध व्यक्तियों, प्रवासियों और उनकी स्वतंत्रता से वंचित व्यक्तियों की स्थितियां सुधर नहीं रही हैं. अत्याचार को रोकने के लिए प्रतिरोध और पहल जारी है. यातनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. यातना और दुर्व्यवहार को रोकने में एनएचआरआई द्वारा प्रमुख भूमिका निभाई जाती है. परन्तु, पीड़ितों के साथ जुड़ना और उनका समर्थन करना, और उनके अधिकारों की रक्षा करने वालों के साथ काम करना आज चुनौतीपूर्ण हो गया है. खासकर, जब बहुत से देशों में युद्ध और संघर्ष चल रहे हों. पुलिस के भी आतंक हों. जांच व्यवस्था और राहत एजेंसीज भी अमानवीय होकर आमजन को न सुन रही हों. दुनिया के जेलों में कैदियों की समस्याएं हैं, जो यातना के शिकार हैं. घरेलु, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अपनी-अपनी राजनीति व अन्य विडंबनापूर्ण सोच भी समय-समय पर यातना का कारण बनती हैं. ऐसे में, एनएचआरआई वर्तमान समस्याओं से जूझती हैं. स्थितियां बहुत मानवाधिकारों के अनुकूल नहीं बन पा रही हैं, तो चिंता बढ़ना स्वाभाविक है. चाहे वह राज्य के लिए हो या किसी वैयक्तिक की गरिमा के लिए, स्थिति यह है कि दुनिया में जब यातना की क्रूरता सामने आती है तो भयानक असंतोष और संघर्ष भी शुरू हो जाते हैं. ऐसे में, इस पर दुनिया के राज्य मानवाधिकारों के बारे में विचार-विमर्श और संवाद कर रहे हैं. ग्लोबल एलायंस ऑफ नेशनल ह्यूमन राइट्स इंस्टीट्यूशंस-गनहरी ने कोपेनहेगन में 'यातना एवं अन्य दुर्व्यवहारः एनएचआरआई की भूमिका' विषय पर विशेष राष्ट्रीय मानव अधिकार संस्थानों-एनएचआरआई के बीच अपने 14वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को बुलाया, इसी सब पर विचार करने के लिए कि स्थितियों में सुधार कैसे लाया जाए. हमारा देश भी इस महासम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज किया है. हमारे देश के एनएचआरसी के अध्यक्ष ने इस मंच से दुनिया को सीख दी है कि भारत बहुत ही संजीदगी से संवेदनशील होकर यातना के खिलाफ लड़ रहा है. भारत चाहता है की पूरी दुनिया इस मुहिम में भारत का साथ दे. कानून के शासन की रक्षा करने की जिम्मेदारी राज्य और उसके मूल संस्थानों की होती है. यातना एवं अन्य दुर्व्यवहार को बढ़ावा देने वाली दण्डमुक्ति ठीक नहीं है. यातना को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों के लिए जवाबदेह बनाना आज आवश्यक है. यातना की प्रथा को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए अपराधियों पर मुकदमा चलाना और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने में कोई समझौता नहीं किया जा सकता.

होलोकॉस्ट को हम स्मरण करें. हमें उस अतीत का सामना करना पड़ता है जो मनुष्य बिरादरी में सिहरन पैदा करती हैं. अब 20वीं सदी के उत्तरार्ध की ओर देखें या 21वीं सदी के बीते दो दशक, राज्यों की ओर से ही यातना पर चिंता जाहिर की जाती रही है. युद्ध के दौरान विभिन्न भूभाग से यातना के नए तरीकों को गौर से देखा जाए, तो ऐसा लगता है कि जीवन अब खिलौना सा बनता जा रहा है, और कोई है जो मानवता से खेल रहा है. ऐसे में, मानवाधिकारों का हनन तो होना तय है. यातना प्रथा रोकने और उस पर नियंत्रण करने की बात यदि जस्टिस अरुण मिश्रा करते हुए आने वाली पीढ़ियों को इससे मुक्त रखने की बात कर रहे हैं, तो यह तो एक सराहनीय पहल है. यह उनकी संवेदना व करुण-हृदय का प्रत्यक्ष प्रमाण है. चूँकि कोपेनहेगन में अंतरराष्ट्रीय मंच पर उन्होंने अपनी यह बात रखी है, तो इसलिए उनकी बात भारत की संवेदनशीलता भारतीय संवेदनशीलता बन जाती है.

भारत यातना-संस्कृति को चुनौती के रूप में देखता है.

इससे भारत दुखी है. वह चाहता है की दुनिया में खुशियाँ बढ़ें. सभी सुखी हों. सभी का कल्याण हो. यह उसके सनातन परंपरा का गान है-सनातन सुख. निःसंदेह, जस्टिस मिश्रा ने भारतीय मनोभावों को कोपेनहेगन में जिस प्रकार रखा है उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए और यदि दुनिया के देश इस पर अमल करें तो निश्चय ही सम्पूर्ण पृथ्वी का भला इस प्रथा के रोकने से होने वाला है. जस्टिस मिश्र ने हिरासत केंद्रों, जेलों, अन्य स्थानों के व्यवस्थित सुधार के लिए निवारक तंत्र, निरंतर निगरानी, मूल्यांकन, विभिन्न रूपों में प्रचलित शारीरिक और मानसिक यातना की रोकथाम हेतु अंतरराष्ट्रीय सहयोग, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और रणनीति विकसित करने, पुलिस द्वारा जांच के तरीकों को आधुनिक बनाने, व्यवहारिक परिवर्तन करने, पारदर्शिता रखने, उल्लंघनों की निगरानी और पता लगाने के लिए आधुनिक तकनीक के सुधार करने जैसे मुद्दे को तो रेखांकित किया ही साथ ही किसी व्यक्ति पर यातना एवं अन्य दुर्व्यवहार के प्रति न्यायिक अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को संवेदनशील होने व सुधार की नई पहल करने हेतु राष्ट्रों का ध्यान खींचा. अध्यक्ष का यह कहना कि एनएचआरआई, न्यायपालिका और अन्य पर्यवेक्षी अधिकारियों को इस मुद्दे के समाधान के लिए राज्य मशीनरी, नागरिक समाज और मानव अधिकार संरक्षकों के साथ मिलकर काम करना होगा, यह अपील ही भारत को भीड़ से अलग करती है.वैसे आज जो बहस व चिंता व्यक्त हो रही है, ठीक है लेकिन सब जानते हैं कि यातना एक मानवीय विकृति के कारण होती है और मानव द्वारा ही समाप्त की जाने वाली प्रथा है. लेकिन स्टेट्स भी मानव संचालित हैं इसलिए जस्टिस मिश्र ने कोपेनहेगन में इस बात पर जोर दिया कि मनुष्य द्वारा नियंत्रित और कार्यान्वित स्टेट्स की कार्यसंस्कृति और उसके मनोविज्ञान में मूलभूत सुधार की आवश्यकता है. एक ऐसे सुधार की आवश्यकता है जिससे यह समस्या हमारी भावी पीढ़ी के लिए शेष न रह जाए. यह अगर शेष रहेगी तो बहुत बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का हनन होता रहेगा. यह बहुत सुन्दर बात है कि दुनिया में एनएचआरसी भारत एक अत्यधिक सम्मानित संस्थान है. भारत सभी के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करके और कमजोर समूहों की देखभाल करके जीवन की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, यह भारत के कल्याणकारी होने का सबूत है. आज आयोग की प्रशंसा हो रही है कि वह त्वरित गति से कार्रवाई में रूचि ले रहा है. उसका मकैनिज्म सही है. इसके जो की-पर्सन के रूप में कार्यरत लोग हैं, यथा-डॉ. ज्ञानेश्वर मुले, राजीव जैन और भरत लाल और इसके नेतृत्वकर्ता जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा, ये सभी अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा के साथ भारतीय जन सुरक्षा के लिए मातृत्व की भूमिका में हैं. यातना के लिए कोपेनहेगन में जिस आत्मबल से जस्टिस मिश्रा ने अपनी बात रखी और विश्व को एकजुट होने की पहल की वह कोई आम बात नहीं है.इसके पीछे आत्मशक्ति और पूरी टीम का श्रम है. यदि सभ्य-समाज और सभ्य-राज्य मानवाधिकारों को सच में यातना प्रथा से मुक्ति दिला सके, तो मानवाधिकार संरक्षण की दिशा में बड़ा हितकारी कार्य होगा. आवश्यकता इस बात की सभी देश यातना-मुक्ति की दिशा में एकमत होकर सहयोग करें.

# बसपा के मुस्लिम सपा और दलित भाजपा में गए

**बाल मुकुन्द ओझा**

कभी बड़े बड़े नेताओं को अपनी अंगुलियों पर नचाने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती आजकल अलग थलग पकड़कर सियासत के नेपथ्य में चली गई है। वह भी एक समय था जब मायावती का समर्थन पाने के लिए लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों में होड़ मची थी। भाजपा हो या समाजवादी पार्टी अथवा कांग्रेस मायावती का समर्थन पाने के लिए सभी बेचैन रहते थे। उस दौरान बहनजी किसी को भाव नहीं देती थी। यदि किसी को समर्थन देती तो अपनी शर्तों पर। उनके दरवाजे पर विभिन्न विचारधारा वाले नेताओं की कतार देखी जा सकती थी। यूपी विधानसभा चुनाव में बहनजी की पार्टी का भट्टा बैठ गया था और उनके अस्तित्व पर सवालिया चिन्ह लगने लगे थे। आज की बात करे तो उनके मुख्य सिपहसालार सतीश मिश्रा भी उनसे छिटक गए है। विभिन्न चुनावी सर्वेक्षणों में भी बसपा की हालत काफी कमजोर आंकी जा रही है। बसपा इस समय किसी गठबंधन में शामिल नहीं है जबकि कहा जा रहा है इंडिया और एनडीए दोनों गठबंधन बसपा को अपने समूह में शामिल करना चाहते है। मायावती ने दोनों से अलग रहने का फैसला किया है। मायावती की पार्टी कोई आंदोलनकारी पार्टी नहीं है। इस पार्टी को कभी किसी मुद्दे पर धरना प्रदर्शन करते नहीं देखा गया। बसपा केवल बयानों तक सीमित रहती है। बसपा की पहचान केवल जातीय पार्टी की है । मुस्लिमों के साथ साथ दलित भी उनकी पार्टी से अलग हो गए है। मुस्लिमों का झुकाव सपा की तरफ और दलित भाजपा की झोली में चले गए है।

गौरतलब है यूपी विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती एक बारगी सियासत के नेपथ्य में चली गयी थी। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने 2007 के विधानसभा चुनाव में जब अपने दम पर सरकार बनाई, तो उनको राष्ट्रीय मंच पर दलित राजनीति के सिरमौर के रूप में देखा गया था । लोग यहाँ तक कहने लगे थे मायावती एक दिन देश की प्रधानमंत्री बनने में कामयाब हो सकती हैं। लेकिन यूपी में 2012 के चुनाव के बाद से लगातार खराब प्रदर्शन करने वाली बसपा का बुरा दौर जारी है। मायावती की हार को दलित राजनीति की धार कमजोर होने के तौर पर भी देखा जा रहा है। गत यूपी चुनाव में बसपा सिर्फ एक सीट पर सिमट गई है और दलित और मुस्लिम गठजोड़ तिनके की तरह बिखर गया। 2017 में बीएसपी का वोट शेयर 22 फीसदी था जो इस बार कम होकर 12.8 प्रतिशत हो गया है। 2017 के चुनाव में बसपा के 19 विधायक थे, लेकिन 2022 आते-आते बसपा में 3 विधायक बचे थे। पार्टी सुप्रीमो मायावती के कभी खास सिपहसालार रहे राम अचल राजभर, लालजी वर्मा, नसीमुद्दीन सिद्दीकी जैसे नेता उन्हें छोड़कर चले गए। यूपी चुनाव में बीजेपी ने दोबारा सत्ता हासिल की तो इसका सबसे बड़ा कारण बसपा की कमजोरी और उसके मूल वोटर का बीजेपी में शामिल होना बताया जा रहा है। इस शर्मनाक हार के बाद राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि बसपा लगभग खत्म हो चुकी है। यह चर्चा सुनने को मिल रही थी कि दलित वोटों की झंडाबरदार समझी जाने वाली मायावती का जादू खत्म हो गया है।

मायावती वर्तमान में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। 1984 में जब कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी का गठन किया तो वह उनकी विचारधारा से प्रभावित होकर पूर्ण रुप से पार्टी की सदस्य बन गईं। मायावती पहली बार सन 1995 में उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। मायावती को भारत की पहली युवा और दलित मुख्यमंत्री होने का श्रेय जाता है। मायावती अविवाहित हैं। उन्हें बहनजी के नाम से जाना जाता है। कांशीराम की सिपहसालार रही मायावती कांशीराम के निधन के बाद से पार्टी की बागडोर संभाल रही हैं। दलित राजनीति की झंडाबरदार रही मायावती ने चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की बागडोर संभाली। कई बार राज्यसभा की सदस्य भी रह चुकी हैं।

# तार तार हो रही है देश और दुनियां में सहिष्णुता

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व सहिष्णुता दिवस हर साल 16 नवम्बर को मनाया जाता है। देश दुनियां में आज सहिष्णुता तार तार हो रही है। हम ने अपने हित साधने के लिए दूसरों को बलि का बकरा बनाना सीख लिया है। यही कारण है की समाज में भाई चारे का स्थान वैमनस्यता ने ले लिया है । सहिष्णुता का जिंदगी में बहुत महत्त्व है। जिसने जीवन में सहन करना सीख लिया वह जिंदगी की हर जंग जीत सकता है। सहिष्णुता जीवन शक्ति का पर्याय है। विश्व के देशों में सहनशीलता का निरंतर क्षरण हो रहा है। शासक एक दूसरे के विरुद्ध ऐसे बयान जारी कर रहे है जिससे विश्व में कटुता और असहिष्णुता का बाजार गर्म हो रहा है। विश्व सहिष्णुता दिवस मनाने के पीछे यह तर्क दिया जारहा है कि विश्व समुदाय एक दूसरे का सम्मान करें और अपने नागरिकों में उन भावनाओं को पुष्ट करें जिससे किसी भी स्थिति में सहिष्णुता को हानि नहीं पहुंचे।

सहिष्णुता भारतीय जनजीवन का मूल मंत्र है। मगर देखा जा रहा है कि समाज में सहनशीलता समाप्त होती जारही है और लोग एक दूसरे के खिलाफ विषाक्त वातावरण बना रहे है जिससे हमारी गौरवशाली परम्पराओं के नष्ट होने का खतरा मंडराने लगा है। सहिष्णुता को लेकर इस समय देश की सियासत गरमाई हुई है। नेताओं के जहरीले बयानों और भाषणों से वातावरण विषाक्त हो रहा है। इससे हमारी लोकतांत्रिक परम्परायें कमजोर और क्षतिग्रस्त हुई हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर विराजमान व्यक्तियों सहित देश के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए जिस प्रकार की शब्दावली का उपयोग और प्रयोग हो रहा है वह हम सब के लिए बेहद चिंता और निराशाजनक है। सोशल मीडिया इसमें सबसे आगे है जहाँ ऐसे ऐसे शब्दों को देखा जा रहा है जिनकों इस आलेख में लिखा जाना कतई मुनासिब नहीं है। इसके लिए कोई एक पक्ष दोषी नहीं है। इस मैली गंगा में सभी अपना हाथ धो रहे है। कई बार देखा गया है , इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर हो रही बहस घृणास्पद और निम्नस्तरीय है।

जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहनशील होना आवश्यक है। सहनशीलता व्यक्ति को मजबूत बनाती है, जिससे वह बड़ी से बड़ी परेशानी का डटकर मुकाबला कर सकता है। अक्सर देखा जाता है हम छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा कर देते हैं, जिससे बात आगे बढ़ जाती है और अनिष्ट भी हो जाता है। ऐसी ही छोटी-छोटी बातों को मुस्कुराते हुए सुनने वाला व्यक्ति ही सहनशील है। सहनशीलता का शब्दिक अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना। मानव व्यक्तित्व के विकास और उन्नयन का मुख्य आधार तत्व सहिष्णुता है। स्वयं के विरुद्ध किसी भी आलोचना को स्वीकार नहीं करना मोटे रूप में असहिष्णुता है। सहिष्णुता मनुष्य को दयालु और सहनशील बनाती है वहीं असहिष्णुता मनुष्य को अहंकारी बनाती है। अहंकार अंधकार का मार्ग है जो मनुष्य और समाज का सर्वनाश कर देती है।

# किसानों की समस्याएं प्रमुखता से करें निस्तारित: डीएम

## किसान दिवस की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट की सभागार में किसान दिवस की बैठक हुई। किसानों की समस्याओं बावत संबंधित अधिकारी निस्तारित करें।

गुरूवार को हुई बैठक में भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि अन्ना प्रथा पर समस्या बनी हुई है। किसानों की जीविका खेती है। जिलाधिकारी से कहा कि कमेटी बनाकर निदान कराएं। निदान को ब्लॉक वार किसान भाईयों को रखा जाए। सचिव, प्रधान की भी जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि धरातल पर समस्या हल हो सके। खाद में लूट मची है, कई दुकानें ऐसी है जो


बैठक में निर्देश देते डीएम।

मानक विहीन है। जमीन रजिस्ट्री के बारे में बताया कि किसानों से अधिक पैसा लिया जा रहा है। संबंधित अधिकारी बैठक से गैर हाजिर रहते हैं, इससे निस्तारण नही हो पाता है।

जिलाधिकारी ने किसान भाइयों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो समस्या हैं, उस पर कार्रवाई की जायेगी। अवशेष अन्ना पशुओं को गौशाला में भेजा जायेगा। नोडल अधिकारी नामित है, विकासखंड में समितियां बनाई जाएगी । जिलाधिकारी ने कहा कि पशु बाहर से नहीं आ रहे हैं, यह पशु यही के किसान भाइयों के हैं। उन्होंने खाद बावत कहा कि सभी समितियां में खाद भेजी जायेगी। मानक विहीन खाद बावत जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि टीम बनाकर जांच कर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने आपदा में किसानों की क्षति की भरपाई कंपनियों से दिलाने को कहा। बीमा कंपनियों के टोल फ्री नंबर 20 पर बात कर रजिस्ट्रेशन करानें पर ही प्रक्रिया शुरू होती है। अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई के गैर हाजिर रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। किसान दिवस पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीडीए कृषि राजकुमार, सीबीओ सुभाष चंद्र, एक्सियन सिंचाई आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

# मेधावी युवाओं का विधायक ने किया अभिनंदन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** युवा बजरंग समिति कल्ला शिवरामपुर ने छात्र अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक अनिल प्रधान व जनार्दन पटेल, राकेश पटेल प्रधान कल्ला, अवधेश कुमार पटेल, रवीन्द्र कुमार शिक्षक, रामहित सेवा समिति के संस्थापक रोहित पटेल ,जय कृष्ण पटेल ने शिक्षा को बढ़ावा देने को नई तकनीक प्रयोग करने के दिशा निर्देश दिये।

गुरूवार को रामहित सेवा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि नशा जीवन में खतरनाक है। सबको नशा मुक्ति की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। अवधेश कुमार पटेल ने मेधावी छात्रों को ग्रेजुएशन की पढ़ाई को निशुल्क किताब देने का संकल्प लिया। फ्यूचर इंस्टीट्यूट आफ


समारोह में मौजूद विधायक आदि।

टेक्नोलॉजी एजुकेशन में 50 फीसदी तक की छूट मेधावी छात्रों को रवींद्र कुमार ने देने को कहा। रामहित सेवा संस्थान संस्थापक रोहित पटेल ने मेधावी छात्रों को एक-एक स्कूली बैग देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। संयोजक अनूप पटेल व नत्थू पटेल, समिति के अध्यक्ष प्रमोद, कोषाध्यक्ष गेंदलाल, उपाध्यक्ष आशीष पटेल, संरक्षक कमलेश पटेल, महासचिव रंज्जन प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष मनोज पटेल ने धूमधाम से कार्यक्रम किया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# पुलिस ने एक को तमंचा -कारतूस समेत दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही चैकी प्रभारी शिवरामपुर चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने दादू लाल उर्फ कामता प्रसाद पुत्र मोहनलाल उर्फ रामखेलावन निवासी कनेली पुरवा गोबरिया थाना कोतवाली कर्वी को एक तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर चन्द्रमणि पाण्डेय व सिपाही गजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# सात अन्तर्राज्यीय चोरों को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में चैकी प्रभारी सीतापुर श्याम देव सिंह की टीम ने चोरी कि योजना बनाते सात अन्तर्राज्जीय चोरों को चोरी के उपकरण समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 16 नवम्बर को चैक प्रभारी सीतापुर श्याम देव सिंह ने मुखबिर से सूचना मिली कि रैन बसेरा सीतापुर के पास संदिग्ध बाहरी लोग चोरी करने की योजना बना रहे हैं। चैकी प्रभारी सीतापुर तत्काल टीम समेत रैन बसेरा पहुंचे। मौके से मुन्ना पुत्र गंगाई नायडू, वेंकटेश पुत्र परमसुआ नायडू, राहुल उर्फ शनि पुत्र शंकर नायडू, कमसा पुत्र मारमुत्तू नायडू, विजय पुत्र नागराज नायडू,


फोटो-पुलिस गिरफ्त में चोर।

श्रवण भाई पुत्र मनी नायडू व मुरली पुत्र रामकिशन निवासी गन ग्राम बताना नवावपुर जिला नंदूरबार महाराष्ट्र को चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चार प्लास, तीन पेंचकस, पांच कटर, चाभी के गुच्छे बरामद किये । उनके खिलाफ कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्याम देव सिंह, सिपाही अनुज यादव, अभिषेक प्रताप, अतुल परिहार, शिवपूजन यादव शामिल रहे।

# चोरी की बाइक समेत पुलिस ने दबोचा चोर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने एक चोर को चोरी की मोटर बाइक समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 12 नवम्बर को राजा बाबू चैरसिया पुत्र रामआसरे चैरसिया निवासी द्वारिकापुरी कोतवाली कर्वी ने सूचना दी कि अज्ञात चोर उसकी मोटरबाइक चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनिल कुमार गुप्ता को बाइक ढूंढने के निर्देश दिये। दरोगा गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि संतोषी माता मंदिर के पास बाइक पर सवार अमन चैहान पुत्र स्व प्रेमचन्द्र निवासी कजियाना के पीछे द्वारिकापुरी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर धाराएं बढाई। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही कुलदीप द्विवेदी शामिल रहे।

# महुआ शराब व बीस क्वार्टर देशी शराब में दो दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश परं अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगो के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब व बीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

गुरूवार को चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने राजकुमार पुत्र ननकौना निवासी जिल्लापुरवा मजरा गड़चपा थाना मानिकपुर को 05 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी क्रम में चैकी शिवरामपुर के दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने अवधेश उर्फ देशा यादव पुत्र स्व बासुदेव निवासी कुल्लुखेर थाना भरतकूप को 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# शिक्षक ईमानदारी से करें कर्तव्यों का निर्वहन: अतुल दत्त तिवारी

## क्षेत्रीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर में मुख्य अतिथि/कर्वी ब्लाक प्रमुख गोमती देवी, अध्यक्षता राजीव कुमार पाठक प्रधानाचार्य पोद्दार इंटर कॉलेज ने की। अतिथियों के स्वागत में घोष दल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल पटेल नगर कर्वी व 12 संकुलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के बाद स्वागत समारोह हुआ। झंडा फहराकर कबूतर उड़ाकर पटाखे फोड़कर रैली का शुभारंभ किया।

गुरूवार को मुख्य अतिथि ने


खेलकूद में हिस्सा लेती बालिकाएं।

कहा कि सभी छात्र छात्राएं तालमेल से प्रतियोगिता करें। क्षेत्र का नाम रोशन करें। खंड शिक्षा अधिकारी अतुल दत्त तिवारी ने कहा कि निर्णायक ईमानदारी से निर्वहन करें। रैली में छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए छात्र छात्राओं समेत शिक्षकों को शपथ दिलाई। शपथ बाद पूर्व चैंपियन छात्र कोमल प्राथमिक विद्यालय बालापुर माफी ने मसाल लेकर तालिया की गड़गड़ाहट के बीच मसाल दौड़ पूरी किया। स्वागत गान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोढवारा की छात्राएं, सरस्वती वंदना में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसहाई की छात्राओं ने प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने 100 मीटर दौड़ बालक बालिका, 50 मीटर दौड़ का शुभारंभ किया। खेल मैदान में कबड्डी खो खो योग जिमनास्टिक तैराकी लंबी कूद ऊंची कूद कुश्ती बैडमिंटन समेत विभिन्न कार्यक्रम हुए।

संकुल खोह की कबड्डी संकुल कपसेठी से हुई। संकुल खोह की छात्राओं ने बाजी मारी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय लोढवारा की छात्राओं ने दौड़ में प्रथम स्थान दर्ज किया। लंबी कूद में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलगदहिया की छात्रा संध्या देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संकुल शिक्षक विद्यासागर सिंह, इंद्रेश श्रीवास्तव, नेहा सिंह, राजेंद्र कुशवाहा, संध्या राय, महेंद्र सिंह, कुबेर सिंह, गौदीन पटेल, सीमा सिंह, दयानंद सिंह, ओम प्रकाश सिंह, उमाशंकर सिंह, बृजेश सिंह, वरुण सिंह, राज किशोर सिंह, राजेश सिंह आदि शामिल रहें।

# गरीबों को समर्पित है भाजपा सरकार: सांसद


कार्यक्रम को सम्बोधित करते सांसद।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा ने कर्वी व पहाडी ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग जिला पंचायत सभागार में किया। प्रशिक्षण वर्ग मे बतौर मुख्य अतिथि सांसद आर के सिंह पटेल व अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने की।

गुरूवार को प्रशिक्षण में पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,पूर्व विधायक आन्नद शुक्ला, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, रंजना उपाध्याय, सुशील द्विवेदी, कर्वी ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख गुलाब पटेल की मौजूदगी में प्रशिक्षण चार सत्रों में हुआ। उद्घाटन सत्र में मंचस्थ अतिथियों ने भाजपा के पितृपुरूषों डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, अजातशत्रु पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प चढाकर दीप जलाकर शुभारंभ किया। प्रथम सत्र में केन्द्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं, अनुभव पर सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा ने चुनाव दौरान जो भी संकल्प जनता से किये थे, सब पूरे हुए। किसानों के कल्याण को उपाय किये जा रहे हैं। अध्यक्षीय भाषण में लवकुश चतुवेर्दी द्विवेदी ने कहा कि यह सरकार गरीबों को समर्पित है। गरीबों के उत्थान को काम कर रही है। इस मौके पर तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताओं से निकलती है प्रतिभा: अशोक जाटव

## मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी, चित्रकूट।** दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ पालेश्वर नाथ इण्टर कालेज पहाड़ी में गुरुवार को शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह रहे।पहाड़ी ब्लॉक की बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को शुरू हो गयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन किया गया खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण व बैच अलंकरण किया गया। छात्राओं सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अशोक जाटव ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से जहाँ ग्रामीण इलाकों से प्रतिभाये निकल कर आती है। वही शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेलकूद मानव जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है। ब्लॉक के बाद जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में पहुँच कर बच्चे पहुँच कर अपने


पुरस्कार देते जिप अध्यक्ष अशोक जाटव।

विद्यालय का नाम रोशन करे। खेलकूद कोटे से सरकारी नौकरी में भी छूट मिलती है।खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से सभी खेले। किसी की जीत व किसी की हार होगी। लेकिन हारने वाला निराश न हो वह दुबारा मेहनत कर अगले साल विजेता बन सकता है।पूर्व माध्यमिक स्तर बालिका वर्ग 100 मी दौड़ में नीलम देवी कंपोजिट विद्यालय बरेठी प्रथम देविका पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकौध द्वितीय , पूजा देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय केवटनपुरवा तृतीय रही इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में छोटू पू. मा.विद्यालय ओरा प्रथम, संतराम पू. मा.विद्यालय ओरा द्वितीय,दीपक पू. मा. विद्यालय उन्नाववन्ना तृतीय रहे। 200 मी दौड़ पूर्व माध्यमिक स्तर बालक वर्ग में छोटू प्रथम पू. मा.विद्यालय ओरा, प्रमोद द्वितीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदेहदू, व दीपक तृतीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अर्की रहे।200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर में प्राथमिक विद्यालय छेछरिहा बुजुर्ग की खुशी प्रथम प्राथमिक विद्यालय मोहरवा की रीना द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय भदेहदू की अंशिका तृतीय रही।प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में बालक वर्ग की कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय गौहानी विजेता व प्राथमिक विद्यालय ओरा उपविजेता रहा। वही पूर्व माध्यमिक स्तर बालिका वर्ग की कबड्डी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय इटौरा विजेता तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर उपविजेता रहा।ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रामनारायण साहू ने बताया कि दो दिवसीय ब्लॉक रैली में सभी 14 संकुल से आये हुये बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रामनारायण साहू, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, पूर्वप्रधान विजय बहादुर सिंह, मनोज द्विवेदी, सर्व जीत सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अमित पाण्डेय, अंकुर सिंह, कृष्ण मुरारी, राजेश सिंह अशोक त्रिपाठी प्रवीण द्विवेदी सहित शिक्षक अनुदेशक मौजूद रहे। इस मौके पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक रामनारायण साहू, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, पूर्व प्रधान विजय बहादुर सिंह, पुष्पराज सिंह, मनोज द्विवेदी, सर्वजीत सिंह, आनन्द कुमार, सीताराम, अमित पाण्डेय, रमेश चंद्र, महेन्द्र सिंह, रामभूषण पांडेय, सन्तोष कुमार मौर्य, रामभद्र, कृष्ण मुरारी, श्यामसुंदर यादव, श्रीकेशन, राजेश सिंह, अशोक त्रिपाठी, प्रवीण द्विवेदी, जितेन्द्र सिंह, शिल्पा चैहान, भारती वर्मा, आराधना यादव सहित शिक्षक व अनुदेशक मौजूद रहे।

# पुलिस ने दम्पति को किया एक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पारिवारिक विवाद को समाप्त कर एक दम्पत्ति ने सुलह करायी। गुरूवार को कोतवाली कर्वी के सीतापुर के तीर्थराजपुरी के विवेक गोस्वामी पुत्र देवनाथ गोस्वामी ने सूचना दी कि उसकी पत्नी पूजा पुत्री स्व संतोष गिरी निवासी शेरपुर थाना गिरवां जिला बांदा गाली गलौज कर घर में नही रहती है। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र की महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी व महिला सिपाही मंजूलता ने शिकायतकर्ता की शिकायत को सुन समझकर दूसरे पक्ष को केन्द्र बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने व परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया।


दम्पति को मिलाती पुलिस।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल-हमास युद्ध पर प्रस्ताव लाने की पांचवीं कोशिश




**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर पांचवीं बार प्रस्ताव लाने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले चार प्रस्ताव असफल हो गए थे। देखना होगा कि क्या इस बार आम सहमति बन पाएगी या नहीं।

वर्तमान मसौदे में गाजा पट्टी में वार्ता के माध्यम से नागरिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने और मानवीय आश्रय का प्रावधान है। प्रस्ताव में यह भी प्रावधान है कि सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करें, जिसके लिए नागरिकों के लिए सुरक्षा की आवश्यकता होती है। प्रस्ताव में बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा और बंधक बनाने पर प्रतिबंध लगाए जाने की भी मांग शामिल है। लेकिन परिषद सदस्य माल्टा द्वारा मंगलवार को प्रस्तावित प्राप्त मसौदे में संघर्ष विराम का कोई उल्लेख नहीं है। इसमें सात अक्टूबर को इजरायल पर हमास के अचानक हमले का भी जिक्र नहीं है, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य को बंधक बना लिया गया था। न ही यह हमास शासित गाजा में इजरायल के जवाबी हवाई हमलों और जमीनी हमले का हवाला देता है, जिसके बारे में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 11,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से दो-तिहाई महिलाएं और बच्चे हैं।

## यूक्रेन का खेरसॉन के पास नीपर नदी के पूर्वी किनारे पर मजबूत उपस्थिति का दावा



**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को शुरू हुए डेढ़ साल से अधिक होने के बाद भी जारी है। ताजा घटनाक्रम में यूक्रेन के एक शीर्ष अधिकारी ने दावा किया कि उसके सैनिकों ने खेरसॉन के नजदीक नीपर नदी के पूर्वी तट पर अपनी उपस्थिति मजबूत कर ली है। उन्होंने कहा कि यह बढ़त युद्ध में रूस की सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक अवरोधों को तोड़ने में महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंद्रिए येरमक ने विस्तृत जानकारी नहीं दी लेकिन पुष्टि की कि इस घटनाक्रम की चर्चा गत एक महीने से सैन्य मंच पर विस्तृत पैमाने से हो रही थी। वाशिंगटन के रूढ़ीवादी थिंक टैंक हडसन इंस्टीट्यूट में सोमवार को अपने संबोधन में येरमक ने कहा कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद यूक्रेन की सेना ने नीपर नदी के पूर्वी तट पर अपने कब्जे को मजबूत कर लिया है।

रूसी सेनाओं ने नवंबर 2022 में खेरसॉन शहर और आसपास के इलाके को खाली कर दिया था लेकिन उनके पास जिस एकमात्र इलाके पर कब्जा है वह नीपर नदी का पश्चिमी तट है। यह नदी युद्धक्षेत्र के प्राकृतिक विभाजक के तौर पर काम कर रही है। यह यूक्रेन के सैनिकों को खेरसॉन में आगे बढ़ने और रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप तक बढ़ने से रोकती है।

इस संबंध में रूस की तरफ से किसी भी तरह की आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर उठाए सवाल

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की प्रासंगिकता पर भारत ने एक बार फिर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि प्रतीक माथुर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न अंग खासतौर पर सुरक्षा परिषद 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के बोझ तले दब गई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को बहुपक्षवाद के जरिये अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझा कर अपनी प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही इसे नकारने वालों को सुधार में बाधा बनने से रोकना होगा। भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में लगातार इसकी प्रासंगिकता की वकालत करता रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी आयोग में काउंसलर प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि महासभा अपनी प्रतिष्ठा तभी प्राप्त कर सकता है जब यह मुख्य विचारक, नीति निमार्ता की अपनी भूमिका को पुनर्स्थापित करे। संयुक्त राष्ट्र की बैठक में 'महासभा के कार्य का पुररुद्धार' विषय पर बोलते हुए माथुर ने कहा कि हमें कुछ देशों के झूठ का पदार्फाश करते हुए सदस्य देशों को इनके खिलाफ सामूहिक आवाज उठानी चाहिए। किसी को भी इसकी प्रक्रिया को बाधित करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि महासभा के बारे में एक अवधारणा बनती जा रही है कि यह अपने मूल कर्तव्यों से भटक गई है, अब इसकी प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार की जरूरत है। माथुर ने कहा कि भारत निष्पक्ष वैश्वीकरण, पुनसंर्तुलन व बहुपक्षवाद में सुधार का हिमायती है। इसे लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता। महासभा को बहुपक्षवाद पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक एजेंडा तय करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी देशों से बहुपक्षवाद में सुधार का समर्थन करने की अपील की।

## बांग्लादेश में आम चुनाव की तारीख की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल ने बुधवार को देश में आम चुनाव की घोषणा कर दी है। देश में सात जनवरी को मतदान कराया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने राष्ट्र के नाम संबोधन में 12वें आम चुनाव की तारीखों की घोषणा की, जिसका सीधा प्रसारण किया गया। बांग्लादेश के इतिहास में यह इस तरह की पहली घोषणा थी। आम चुनाव की घोषणा ऐसे समय की गई है, जब विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगी दल पारदर्शी चुनाव कराने के लिए निर्दलीय अंतरिम सरकार की मांग करते हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

हालांकि, सत्तारूढ़ अवामी लीग ने इस मांग को खारिज कर दिया है और कहा है कि चुनाव प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के तहत ही होंगे। चुनाव की घोषणा से पहले बांग्लादेशी अधिकारियों ने बुधवार को राजधानी ढाका और अन्य प्रमुख शहरों की सुरक्षा बढ़ा दी।

अगले वर्ष जनवरी में बांग्लादेश में होने वाले आम चुनाव में हसीना ने जीत का भरोसा जताया है। 2009 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनीं 76 वर्षीय शेख हसीना विश्व की सबसे ज्यादा समय तक किसी देश की सरकार चलाने वाली महिला हैं। इससे पहले वह 1996 से 2001 तक सत्ता में रहीं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन की चीनी समकक्ष जिनपिंग से मुलाकात, तनावपूर्ण संबंधों के बीच एक साल में पहली बार साथ आए दोनों राष्ट्राध्यक्ष

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग बुधवार को आमने-सामने बैठक में करीब चार घंटे साथ बिताए। बैठक के बाद बाइडेन ने बातचीत को सफल बताते हुए कहा कि इसमें हाईलेवल मिलिट्री कम्युनिकेशन, फेंटानिल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बातचीत पर सहमति बनी।

इस समय चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका के दौरे पर हैं। तनावपूर्ण संबंधों के बीच एक साल में पहली बार दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच उत्तरी कैलिफोर्निया के फिलोली स्टेट में यह बैठक हुई। दोनों नेताओं ने अपने देशों को संघर्ष से दूर रखने का वादा किया। दोनों पक्षों का लक्ष्य व्यापार से लेकर रूस-युक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान तनाव जैसे मुद्दों पर चर्चा कर समाधान का रास्ता निकालने पर था। जिसमें महत्वपूर्ण सफलता यह थी कि दोनों राष्ट्राध्यक्ष सैन्यय संपर्कों को दोबारा शुरू करने पर सहमत हुए जिसे चीन ने अगस्त 2022 में तत्कालीन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद खत्म कर दिया था। इसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि दोनों उच्चतरीय संचार पर सहमत हुए हैं। हममें दोनों सीधे फोन कॉल उठा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिस्पर्धा को संघर्ष में नहीं बदलने देना चाहिए।

## भारत का जांच से इनकार नहीं, अपने आरोप के समर्थन में सबूत दे कनाडा: एस जयशंकर

**लंदन।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों को लेकर कहा कि भारत किसी जांच से इनकार नहीं कर रहा है लेकिन कनाडा ने अपने आरोप के समर्थन में भारत से कोई प्रमाण साझा नहीं किया है।

पांच दिवसीय दौरे पर ब्रिटेन पहुंचे विदेशमंत्री एस जयशंकर ने कहा कि कनाडा से एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संलिप्तता के उसके आरोप को लेकर सबूत देने को कहा गया। उन्होंने कहा कि भारत का जांच से इनकार नहीं है लेकिन कनाडा ने अपने आरोप के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया है। उन्होंने खालिस्तान समर्थक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाषण या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक निश्चित जिम्मेदारी भी लाती है और उस स्वतंत्रता का दुरुपयोग व राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उसके इस्तेमाल को बर्दाश्त करना गलत होगा।

गौरतलब है कि 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। भारत की तरफ से साल 2020 में आतंकवादी घोषित किए गए निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच गंभीर तनाव आ गए।

## चीन: कोयला कंपनी की इमारत में आग लगने से 26 की मौत, कई घायल




**बीजिंग।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में गुरुवार को एक इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई और 38 लोग घायल हो गए।

मीडिया रिपोर्ट्स में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि लुलियांग शहर में योंगजू कोयला कंपनी की चार मंजिला इमारत में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 6.50 बजे (बुधवार को 2250 जीएमटी पर) आग लग गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 26 लोगों की मौत और 38 लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। इससे पहले, ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी ने कहा था कि घटनास्थल से 63 लोगों को निकाला गया है, जिनमें से 51 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि अस्पताल ले जाए गए लोगों में से किसी की मृत्यु हुई थी या नहीं। सीसीटीवी ने बताया कि आग पर "नियंत्रण" पा लिया गया और इसके कारणों की अब भी जांच की जा रही है। बचाव स्थल कमांड का हवाला देते हुए यह भी कहा गया है कि पुलिस ने अज्ञात संख्या में लोगों को पकड़ रखा है और आग के संबंध में उनकी जांच चल रही है।

उधर, एशिया-प्रशांत नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में चीनी नेता शी जिनपिंग ने कहा कि आग से एक "बेहद गहरा सबक" सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय सरकारों को "प्रमुख उद्योगों में छिपे जोखिमों की गहन जांच करनी चाहिए, आपातकालीन योजनाओं और रोकथाम उपायों में सुधार करना चाहिए।" शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए "सभी प्रयास" करने के साथ-साथ यह जांच करने का भी आह्वान किया कि आग के लिए कौन जिम्मेदार था।

## पाकिस्तान: बलूचिस्तान प्रांत में हथियारबंद लोगों ने तीन पुलिसकर्मियों को बनाया बंधक



**क्वेटा।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक सुरक्षा चौकी पर हमला करने के बाद भारी हथियारों से लैस लोगों ने तीन पुलिसकर्मियों के हथियार छीनकर उन्हें बंधक बना लिया। यह घटना बुधवार को तुरबत में पुलिस चौकी पर हुई। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हथियारबंद लोग सिंगानी सरमोमिन पुलिस चौकी पर पहुंचे और नईम, नदीम और समीर नाम के पुलिसकर्मियों को बंदूक के बल पर कब्जे में ले लिया। हमलावरों ने पुलिसकर्मियों से दो सब-मशीन गन और मैगजीन भी छीन लीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और तलाशी अभियान चलाया। बुधवार आधी रात तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं थी।

हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि क्वेटा में सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो बुधवार देर शाम प्रवेश चौकी पर रुके बिना और अपनी पहचान साबित किए बिना जबरन छावनी क्षेत्र में घुस गया। उन्होंने कहा कि एस्सा खान के रूप में पहचाने गए संदिग्ध ने एक प्रवेश बिंदु पर सुरक्षा चौकी पर पहचान के लिए रुके बिना क्वेटा छावनी क्षेत्र में एक सुजुकी बोलान (प्लेट नंबर बीएलबी-387) चलाई। अधिकारियों ने कहा कि इसके तुरंत बाद सुरक्षा को हाई अलर्ट पर रखा गया और छावनी के सभी प्रवेश बिंदुओं को बंद कर दिया गया।

सुरक्षा बलों ने वाहन का पीछा कर उसे गुलिस्तां रोड इलाके में एक डेयरी फार्म के पास रोका और चालक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे जांच के लिए अधिकारियों को सौंप दिया गया।

**टैंक ऑपरेशन में सात 'आतंकवादी' मारे गए:**

सेना की मीडिया विंग ने बताया कि इससे पहले मंगलवार-बुधवार को टैंक जिले के किर्री मचान खेल इलाके में एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन में सात आतंकवादी मारे गए थे।

आईएसपीआर ने कहा कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक गुप्त सूचना पर ऑपरेशन चलाया गया था, उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के ठिकानों का भंडाफोड़ किया गया और सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में सात आतंकवादी मारे गए। मृतकों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

आईएसपीआर ने कहा कि आतंकवादी टैंक और आसपास के इलाकों में पुलिस अधिकारियों की लक्षित हत्या में सक्रिय रूप से शामिल थे। इसमें कहा गया है कि क्षेत्र में पाए गए किसी भी अन्य आतंकवादी को खत्म करने के लिए सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

## भारतीय स्काइडाइवर शीतल 21,500 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाने वाली दुनिया की पहली महिला



**काठमांडू।** भारत की प्रसिद्ध स्काइडाइवर शीतल महाजन ने माउंट एवरेस्ट के सामने 21,500 फीट की ऊंचाई से हेलीकॉप्टर से छलांग लगाने वाली दुनिया की पहली महिला के रूप में नया रिकॉर्ड बनाकर उपलब्धि हासिल की है। भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित और कई स्काइडाइविंग रिकॉर्ड धारक 41 वर्षीय महाजन ने 13 नवंबर को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के सामने छलांग लगाई। उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, ह्लमैंने माउंट एवरेस्ट के सामने 21,500 फीट से अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई और कालापत्थर 17,444 फुट / 5,317 मीटर की उच्चतम ऊंचाई पर उतरी। मैं सबसे अधिक ऊंचाई वाले स्काइडाइव लगाने वाली पहली महिला बन गई हूं।ह्व

इससे पहले 11 नवंबर को महाजन ने 5,000 फीट एजीएल (जमीनी स्तर से ऊपर) से 17,500 फीट की ऊंचाई पर अपनी पहली छलांग लगाई थी और वह न्यूजीलैंड के प्रसिद्ध स्काइडाइवर वेंडी स्मिथ के साथ विमान में उनके प्रशिक्षक के रूप में काम करते हुए सयांगबोचे हवाई अड्डे पर 12,500 फीट की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक उतरी थीं।

## कांगो में विद्रोहियों ने कम से कम 44 ग्रामीणों की हत्या की

**किंशासा।** कांगो के अशांत पूर्वी हिस्से में चरमपंथी संगठनों से जुड़े विद्रोहियों ने अलग-अलग हमलों में 44 से अधिक ग्रामीणों की हत्या कर दी है। स्थानीय अधिकारियों और नागरिक संस्थाओं के नेताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रांत के गवर्नर के प्रतिनिधि सैमसन सिमारा ने बताया कि इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े ह्यद अलायड डेमोक्रेटिक फोर्सह्ल के विद्रोहियों ने रविवार रात उत्तरी किवु प्रांत के किशनगा गांव पर हमला किया और कांगो सेना के एक सदस्य सहित 33 लोगों की हत्या कर दी। सिमारा ने बताया कि विद्रोहियों ने विरुंगा नेशनल पार्क ले जाकर उनकी हत्या कर दी। नागरिक संस्था के नेता सैमुअल नगुंजोलो के अनुसार, विद्रोहियों ने मंगलवार को इतुरी प्रांत में 11 अन्य ग्रामीणों की हत्या कर दी।

उत्तरी किवु में कांगो सेना के प्रवक्ता कैप्टन एंथनी मुलुशायी के बताया कि सेना ने छह विद्रोहियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि कुछ बंधकों को मुक्त करा लिया गया है।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।